मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-3, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 180 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
15 दिसंबर 2023 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
25 अधिकतम
14 न्यूनतम



# 7...धोनी की जर्सी भी रिटायर!

## किसी भी खिलाड़ी को अब नही मिलेगा माही का नंबर

**मुबंई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट के करिश्मे महेंद्रसिंह धोनी को क्रिकेट से सन्यास लिये काफी वक्त हो गया,लेकिन अब उनकी जर्सी को बीसीसीआई ने 'रिटायर' कर दिया है। टीम इंडिया के इस दिग्गज कप्तान रहे धोनी की प्रतिष्ठित नंबर 7 जर्सी अब किसी अन्य भारतीय खिलाड़ी के लिए उपलब्ध नहीं होगी। धोनी के इंटरनेशनल रिटायरमेंट के करीब तीन साल बाद बीसीसीआई ने यह फैसला किया है, उसका कहना है कि धोनी ने अपने पूरे करियर में जो नंबर अपनी टीशर्ट पर पहना था,लिहाजा उसे रिटायर करने का फैसला किया है। अब तक यह सम्मान पाने वाले एकमात्र अन्य क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर हैं। 2017 में तेंदुलकर की सिग्नेचर नंबर 10 जर्सी को भी हमेशा के लिए रिटायर कर दिया गया था। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक धोनी की प्रतिष्ठित नंबर 7 जर्सी किसी अन्य भारतीय क्रिकेटर द्वारा नहीं पहनी जा सकेगी। धोनी टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास 2014 में ही ले चुके थे मगर अंतर्राष्ट्रीय क्रिक्ेट उन्होंने 15 अगस्त 2020 को छोड़ा। रिपोर्ट में बताया गया है कि बीसीसीआई ने टीम इंडिया के खिलाड़ियों, खासकर डेब्यू करने वाले प्लेयर्स को को सूचित कर दिया है कि उनके पास तेंदुलकर और धोनी से जुड़े नंबरों का विकल्प नहीं रहेगा।

खिलाड़ियों से कहा गया है कि वे अन्य नंबर चुनें। नियम के रूप में, आईसीसी खिलाड़ियों को 1 और 100 के बीच कोई भी संख्या चुनने की अनुमति देता है। वर्तमान में टीम इंडिया के नियमित खिलाड़ियों और दावेदारों के लिए लगभग 60 नंबर चिन्हित हैं। यदि कोई खिलाड़ी सालभर भी टीम से बाहर रहे तब भी उसका नंबर किसी नए खिलाड़ी को नहीं दिया जाता है।

### गिल के अरमानों पर पानी, 77 से समझौता

*दरअसल सीनियर ही नहीं बल्कि जूनियर खिलाडियों में भी नंबर पर मारामारी है, जूनियर लेवल पर भी 'प्रतिष्ठित' नंबरों के लिए होड़ साफ है। शुभमन गिल अंडर-19 दिनों के दौरान पसंदीदा नंबर 7 को नहीं पा सके, क्योंकि वह पहले ही ले लिया गया था। इसके बाद उन्हें मजबूरत 77 लेना पड़ा। टीम इंडिया में भी वो इसी नंबर की टीशर्ट पहनकर खेलते हैं।*

## जन्मदिन के दिन शपथ ली भजनलाल ने



**जयपुर।** राजस्थान के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। शपथ ग्रहण समारोह जयपुर के रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल के सामने हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में शामिल थे। भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाए जाने के साथ दीया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा को भी मंत्री मंडल सदस्य डिप्टी सीएम के रूप में शपथ दिलाई गई।

## कमलनाथ का फेसबुक अकाउंट हैक हुआ



**भोपाल।** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का फेसबुक अकाउंट आज हैक हो गया है। उनके व प्रदेश कांग्रेस के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने अपने एक्स हैंडल पर स्वयं इस बात की जानकारी दी, उन्होंने यह भी बताया कि हैकर द्वारा कमलनाथ के फेसबुक अकाउंट से असंगत सामग्री पोस्ट की जा रही है। कांग्रेस की आइटी सेल की टीम नाथ के फेसबुक अकाउंट को रिकवर करने में जुटी है। कमल नाथ पिछले तीन दिनों से अपने गृह नगर छिंदवाड़ा के प्रवास पर हैं।

## श्रेयस तलपड़े को दिल का दौरा पड़ा



**मुबंई।** कई हिट फिल्मों गोलमाल, धमाल और ओम शांति ओम के अभिनेता श्रेयस तलपड़े को हार्ट अटैक आया है। खबरों के मुताबिक, शूटिंग के बाद श्रेयस तलपड़े बेहोश हो गए थे और उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एंजियोप्लास्टी के बाद उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। लगभग पैंतालीस वर्षीय श्रेयस इन दिनों एक्टर अक्षय कुमार के साथ फिल्म वेलकम टू द जंगल की शूटिंग कर रहे हैं। जब शूटिंग खत्म होने के बाद श्रेयस घर पहुंचे तो अचानक ही बेहोश हो गए। तत्काल उन्हें मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। श्रेयस की एंजियोप्लास्टी के बाद वे खतरे से बाहर हैं।

## 20 के पहले महत्वपूर्ण प्रशासनिक जमावट की कवायदें, मध्यप्रदेश की यादव कैबिनेट का आकार भी बढ़ेगा

# परिवर्तन की आहटें, प्रशासन और कैबिनेट में दिखाई देंगे नए चेहरे!



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र में सियासी परिवर्तन के बाद प्रशासनिक परिवर्तन की नयी आहटें महसूस की जाने लगी हैं। हालांकि यह परिवर्तन बड़ा होगा या छोटा, यह अभी साफ नहीं है लेकिन यह तय है कि परिवर्तन कुछ मायनों में बहुत महत्वपूर्ण होगा। इसमें सीएम सचिवालय समेत कई प्रमुख पदों पर अब तक काम कर रहे चेहरों को दूसरा काम देने की तैयारी शुरू हो गई है। नए मुख्यमंत्री मोहन यादव अब तक मंत्रालय में तैनात सभी आईएएस अफसरों व मैदानी पदस्थापना पर तैनात कमिश्नर्स व कलेक्टर से बात कर चुके हैं, आज शाम वे पुलिस मुख्यालय पहुंचकर तमाम वरिष्ठ आईपीएस अफसरों से मुखातिब होने वाले हैं, वे वीडियो कांफ्रेस से मैदान अफसरों से भी चर्चा करेंगे और अपना विजन बताएंगे। जानकार सूत्रों का मानना है कि इसके बाद प्रशासनिक जमावट की नयी रूपरेखा तैयार हो जाएगी। मुख्यमंत्री सचिवालय के वरिष्ठ अफसरों मनीष रस्तोगी,अंशुमान सिंह और एडीजी इंटेलिजेंस आदर्श कटियार द्वारा अन्यत्र काम करने की इच्छा जता ही दी गई है,इसके बाद सीएम के नए प्रमुख सचिव व ओएसडी के लिए एक वरिष्ठ आईएएस व आईपीएस की तलाश तेज है। उधर लोकसभा चुनाव भले ही चार महीने दूर हैं लेकिन मध्यप्रदेश में 20 दिसंबर के पहले प्रशासनिक स्तर पर परिवर्तन नयी सरकार के मुखिया मोहन यादव के लिये जरूरी बन रहा है। यह परिवर्तन प्रशासनिक तौर पर चुनावी जमावट वाला भी होगा क्योंकि इसमें कुछ कलेक्टर बदले जा सकते हैं तो मंत्रालय स्तर पर भी वरिष्ठ अधिकारियों के दायित्व में परिवर्तन किया जा सकता है।

दरअसल, लोकसभा चुनाव के लिए 20 दिसंबर से मतदाता सूची का काम प्रारंभ होने वाला है। इसके बाद न तो कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को बिना निर्वाचन आयोग की सहमति से हटाया जा सकेगा और न ही मप्र में 64हजार पोलिंग बूथ अफसर के तबादले हो पाएंगे। लोकसभा चुनाव की घोषणा मार्च के दूसरे पखवाड़े में संभावित है 6 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावे-आपत्ति आमंत्रित किए जाएंगे। माना जाता है कि विस चुनाव के दौरान जिन कलेक्टरों को लेकर दौरान शिकायतें हुई थीं। उनके बारे में भी नयी सरकार में फैसला लिया जा सकता है। मंत्रालय में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों के दायित्व में परिवर्तन होगा।

### कैबिनेट, नए मंत्री और मलमास

*मप्र सरकार के मंत्रिमंडल गठन की सुगबुगाहटें तेज हैं, आज सीएम डा यादव जयपुर में हैं,जहां वे राजस्थान के नये सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए हैं। माना जाता है कि वहां पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित् शाह व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनकी मंत्रिमंडल गठन को लेकर बात भी हो सकती है। इधर यादव कैबिनेट के लिए दस नामों को चुने जाने की भी खबरें हैं। हाइकमान से इंकार मंजूरी होते ही यह काम अगले चौबीस घंटे में भी हो सकता है, दरअसल कल रात 1.20 बजे के बाद मलमास शुरू हो रहा है,इसमें नये काम करने से परहेज की परंपरा है।*

***शिवराज की भूमिका पर संशय:*** *मप्र में भाजपा सरकार के नये परिदृश्य के बाद नेपथ्य में नजर आ रहे पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के लिये भाजपा के भीतर नई भूमिका तलाशी जा रही है। माना जा रहा है कि हाल में तीन राज्यों में चुनाव लड़े सांसदों व कैबिनेट मंत्रियों के इस्तीफे के बाद अब शिवराज को केंद्रीय कैबिनेट में जगह दी जा सकती है। गौरतलब है कि मप्र के ही सांसद नरेंद्र सिंह तोमर केंद्र में कृषि मंत्री पद से इस्तीफा दे चुके हैं। इसके अलावा भी कैबिनेट में कुछ पद की गुजाइश है। लंबे समय से मोदी कैबिनेट के विस्तार की संभावना लगाई जा रही हैं।*

# नए शिखर पर शेयर बाजार निफ्टी में फिर तूफानी तेजी

**मुबंई, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार के इस वक्त सुनहरा दौर चल रहा है। साल का आखिरी महीना यानी दिसंबर निवेशकों के लिए शानदार साबित हो रहा है. मार्केट में तेजी के बीच बाजार की तूफानी शुरूआत से निवेशकों की चांदी हो गई है।



बीएसई का मार्केट कैपिटलाइजेश जोरदार तेजी के साथ बढ़कर नए मुकाम पर पहुंचता जा रहा है। आज भी आखिरी कारोबारी दिन मार्केट के दोनों इंडेक्स हरे निशान पर खुले और रॉकेट की रफ्तार से भागने लगे।

एक ओर जहां बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 400 अंक से ज्यादा चढ़कर 71हजार के पार निकल गया, तो वहीं दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी ने भी नया ऑल टाइम हाई लेवल छुआ। बीते कारोबारी दिन गुरुवार की तरह ही आज शुक्रवार को भी शेयर सेंसेक्स 282.80 अंक चढ़ा और कारोबार में नए ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया।

### मार्केट कैप 3 लाख करोड के पार

दिसंबर में बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप तेजी से बढ़ा है. 30 नवंबर 2023 को बाजार बंद होने पर बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 3,35,60,155.58 करोड़ था, जो अब बढ़कर 3,54,78,063 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है।

# गूगल को कोर्ट में शिकस्त दी 'एपिक गेम्स' ने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गूगल को एपिक गेम्स ने कोर्ट में शिकस्त दे दी है। लंबी सुनवाई के बाद आखिरकार अमेरिकी कोर्ट ने दो टूक कहा कि गूगल ने ऐप्स मार्केट में अपने एकाधिकार का गलत इस्तेमाल किया है। एपिक गेम्स ने गूगल के खिलाफ दायर मुकदमे में कहा था कि टेक जायंट जबरन अपने ऐप्स को यूजर्स पर थोपता है। कंपनी ने गैरकानूनी तरीके से मार्केट में अपना कब्जा जमाया हुआ है। कोर्ट ने कहा कि गूगल ने अपने अधिकारियों का गलत इस्तेमाल किया है और इससे एपिक गेम्स को नुकसान भी हुआ है। दरअसल ये एक तरीके से ऐप्स को बेचने का भी मामला है। एपिक गेम्स ने गूगल पर पैसे देकर भेदभाव करने का भी आरोप लगाया था। कंपनी ने कहा था कि गूगल ने चुपचाप गेम डेवलपर्स को पैसे भी दिए हैं जिससे उनकी




ऐप्स को डाउनलोडेबल बनाया जा सके। कंपनी ने इसे 'प्रोजेक्ट हग' का नाम दिया था। ज्यूरी ने कहा कि गूगल के इस एक्शन ने नकारात्मक रूप से एपिक गेम्स को नुकसान पहुंचा है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस फैसले से गूगल जैसी कंपनियों का ऐप मार्केट में दबदबा खत्म हो सकता है।

**मेट्रो एंकर**

## जिस महिला जज ने 7 अक्टूबर 2022 की घटना का उल्लेख करते हुए इच्छामृत्यु मांगी है, उस घटना को पढ़ने के बाद लगता है कि उन्हें कोर्ट में सुनियोजित ढंग से अपमानित किया गया था, जिसकी पीड़ा उनके पत्र में झलकी है।

# मुर्दाबाद के नारे, दरवाजे बंद कर बुझा दी लाइट?

**बांदा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में तैनात रहीं और 'इच्छामृत्यु' मांग रहीं जूनियर डिवीजन जज को सालभर पहले यानि 7 अक्टूबर 2022 को भरी अदालत में अपमानित किया गया था। इसे जज ने रेकॉर्ड में दर्ज भी किया था। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक इस घटना को देखकर लगता है जैसे वाकई उनका मानसिक शोषण किया गया है। बांदा की बबेरू तहसील में तैनात सिविल जज ने बाराबंकी जिले में तैनाती के दौरान घटना को फर्द एहकाम में दर्ज किया है। इसके मुताबिक उन्होंने बताया, '11.10 बजे मैं अपना न्याय कार्य करने बैठी थी। तभी बार के महामंत्री रितेश कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन सिंह और अन्य पदाधिकारी, तमाम अधिवक्ता के साथ आए और न्यायालय कक्ष में आकर न्याय कार्य बाधित किया।' उन्होंने बताया, 'इन अधिवक्ताओं ने मुझे धमकी दी कि आपको हमारा सपोर्ट नहीं करना है? दिमाग खराब है, सुधार नहीं रही हैं। जब मैंने बोला है तो क्यों डेस्क पर बैठकर फाइल देख रही हैं। जिला जज से और सीजीएम से शिकायत की है तो मुझे आश्वासन दिया गया है कि कोर्ट नंबर-14 में जज बिल्कुल नहीं बैठेगी। तब कैसे बैठ गईं?' जज ने बताया है कि उन्हें डायस से उतारने के लिए मजबूर किया गया। इसके लिए अधिवक्ताओं ने बदतमीजी भी की। महिला जज ने बताया कि अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी, 'तुम्हारी कोर्ट का पूरी तरह से बायकाट कराया जाएगा। तुम काम नहीं कर पाओगी। इस लायक तुम्हें नहीं छो?ंगे। महिला अधिकारी हो सुधर जाओ और डायस से उतर जाओ। वरना आज तुम्हारे साथ अच्छा नहीं होगा। बहुत कुछ हो सकता है आज तुम्हारे साथ। तानाशाही और बेशर्मी से कोर्ट चलाने के लिए डायस पर बैठ जाती हो और आदेश पारित कर देती हो। जब हम डेली बॉयकाट कर रहे हैं तो तुम्हारी समझ में नहीं आ रहा है।'



### कितना दर्द छिपा है उनके पत्र में

***इस दौरान अधिवक्ताओं ने मुर्दाबाद के नारे भी लगाए और न्यायालय का दरवाजा बंद कर लाइट बंद कर दी। इसके बाद भी महिला जज अपनी कुर्सी पर डटी रहीं। इस घटना का पूरा विवरण महिला जज ने जिला जज को भेजा था। इस तरह की घटना एक बानगी है, जिससे लगता है कि जो पत्र उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लिखा है उसमें निश्चित ही उनका दर्द छिपा है।***

## पानी की टंकी पर चढ़े कांग्रेस नेता, कूदने की धमकी

**दतिया।** आज सुबह इंदरगढ़ में उस समय हाई वोल्टेज ड्रामा सामने आया जब एक कांग्रेस नेता महेश जाटव पानी की टंकी पर चढ़ गए और वहां से कूदकर जान देने की धमकी देने लगे। इस दौरान उन्होने टंकी पर अपनी मांगों का एक बैनर भी टांग दिया जिसमें नगर की प्रमुख समस्याएं लिखी थी। बातते हैं कि करीब एक साल पूर्व भी जाटव अपने परिवार की समस्याओं को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गए थे। तब अधिकारियों ने उन्हें समझाइश देकर नीचे उतरा था। आज फिर लोगों ने उन्हें पानी की टंकी पर चढ़े हुए देखा। इसकी खबर पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे । जहां उन्होंने कांग्रेस नेता को टंकी से नीचे उतरने की समझाईश दी। लेकिन टंकी पर शोरशराबा मचा रहे कांग्रेस नेता का कहना था कि जब तक कलेक्टर वहां आकर उनकी समस्याएं नहीं सुनते, तब तक वह नीचे नहीं उतरेंगे। दोपहर तक यह ड्रामा जारी था।





## भोजपाल मेले में चांद से चंद्रयान तक का सफर

भोजपाल महोत्सव मेले में दिखेगा चांद से चंद्रयान तक का सफर तथा एलियंस भी देखने को मिलेंगे मेला देखने रोजाना हजारों लोग परिवार के साथ पहुंच रहे हैं भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेले में इस बार शहरवासियों को नई-नई चीजें देखने को मिल रही हैं। रफ्तार की दुनिया का सबसे तेज गति से चलने वाले झूले सुनामी और डबल डिस भी मेले में लगाए गए।



## गरीब मजदूरों को गर्म कपड़े बांटे

**जय** हिंद सेना के सदस्यों ने कड़ाके की ठंड में बेसहारा फुटपाथ पर रहने वाले गरीबों एवं मजदूरों को गर्म कपड़े एवं कंबल का वितरण किया इस अवसर पर अरुण पांडे, आदित्य मिश्रा, वीर बहादुर राणा भट्ट, रोहित तिवारी, पियूष रैकवार, कुणाल प्रजापति आदि सदस्य उपस्थित रहे। सेना ने यह संकल्प भी लिया कि हर सदस्य यह पुनीत कार्य जारी रखेगा।

### कटारा हिल्स के गौरीशंकर परिसर में कंपनी के अमले का कारनामा

# थिंक गैस कंपनी के कर्मचारी खोदाई कर गार्डन में फेंक रहे सीमेंट का मलबा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गैस पाइप लाइन के लिए खोदाई कर रही थिंक गैस कंपनी के अमले ने आम रहवासियों को मुश्किल में डालने में शुरू से कोई कसर नहीं छोड़ी। पहले सड़कों के किनारे खोदाई कर लंबे समय तक मिट्टी हीं हटाई और धूल वातावरण में फैलने के कारण प्रदूषण बढ़ता रहा। अब कंपनी जिन कॉलोनियों के अंदर पाइप लाइन डालने के लिए खोदाई कर रही है, वहां से निकलने वाला पत्थर, सीमेंट वाला मलबा गार्डन में फेंक रही है। जिसकी वजह से पेड़ों को नुकसान पहुंच रहा है। गार्डन में रहवासियों ने जो मिट्टी डलाई थी, वह पत्थर व सीमेंट के मलबे से नीचे दब रही है। छोटे पेड़ों को नुकसान हो रहा है।

### समिति पदाधिकारियों की चुप्पी से रहवासी परेशान

इतना सबकुछ होने के बावजूद रहवासियों में गुस्सा है और परिसर की रहवासी समिति के पदाधिकारी चुप्पी साधे बैठे हुए हैं। जबकि समिति पदाधिकारी भी चाहे तो सुधार करवा सकते हैं या सर्व सम्मति से काम रुकवा सकते हैं। पूर्व में समिति के कुछ पदाधिकारी हस्तक्षेप भी कर चुके हैं और उन्हें पूरा मामला भी संज्ञान में है।



**गौरीशंकर परिसर– मनमानी खोदाई**

परिसर में 1900 परिवार रहते हैं, यहां कंपनी के अधिकारी काफी दिनों से खोदाई करवा रहे हैं, जिसका कोई पैमाना नहीं है। कई स्थानों पर खाली प्लाटों को खोदाई कर बिगाड़ा जा रहा है। कंपनी के अधिकारी और मैनेजर ऐसा करवा चुके हैं। कहने के बावजूद सुधार नहीं कर रहे हैं। यही नहीं, इन्होंने सड़कों को तोड़ने के बाद निकलने वाला सीमेंट का मलबा, पत्थर आदि गार्डनों में फेंका है, जिसके कारण नुकसान पहुंचा है।

### सुधार करने के बावजूद की गड़बड़ी

गौरीशंकपर परिसर में खाली प्लाट पर नाली खोदकर उसे उपयोगहीन बनाने की शिकायत पर काम बंद कराने और फिर उसी नालियों में पाइप बिछाने की हठधर्मिता करने वाली कंपनी के अधिकारी व अमले ने सुधार करना छोड़ गौरीशंकर परिसर के एलआईजी 8 व 9 के पीछे गार्डन में पत्थर, सीमेंट युक्त मलबा फेंका है जहां पहले रहवासी चंदा करके काली मिट्टी डलवा चुके थे।

### निगम व बीडीए के अधिकारियों की चुप्पी

नियम विरूद्ध की जा रही खोदाई की शिकायत निगम के जोनल अधिकारियों व बीडीए के क्षेत्रीय अधिकारियों को रहवासियों ने की थी। जिस पर पहुंचे अधिकारियों ने कंपनी के अधिकारी व अमले की खामियां पाई थी। यहीं नहीं, काम भी बंद कराया था और कहा था कि जो खोदाई नियम विरूद्ध की है वहां पाइप लाइन न डाले। जिस पर कंपनी ने कुछ दिन तो काम बंद रखा, उसके बाद निगम व बीडीए को धता बताते हुए उसी क्षेत्र में लाइन बिछा दी है।

## ननि के एक वार्ड व 355 पंचायतों में उप चुनाव



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल जिले में वार्ड क्रमांक 41 में पार्षद एवं जिले के 355 पंच पदों के लिए निर्वाचन होगा। जिसमें बैरसिया की 220 पंच पदों के लिए एवं फंदा में 135 पंच पदों के लिए आगामी 5 जनवरी, 2024 को मतदान किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 41 के लिए नरेला एसडीएम रवीश श्रीवास्तव को आरओ नियुक्त किया गया है।

सचिव मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल ने बताया कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही, स्थानों सीटों के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन, मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन आज हुआ। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 22 दिसंबर है।

**आज से नामांकन पत्र लिए जाएंगे**

इसी प्रकार, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 23 दिसंबर, प्रातः10.30 बजे से, अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक, निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन, मतदान 5 जनवरी 2024 प्रातः 7 बजे से 5 बजे तक एवं मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 9 जनवरी 2024 को प्रातः 9 बजे से की जाएगी।

भोपाल जिले में वार्ड क्रमांक 41 में उप निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए नोडल अधिकारी एवं सहायकों को दायित्व सौंपा गया हैं।

# शोर पर सख्ती.. सीएम के फैसले के बाद अफसर हुए सक्रिय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लाडस्पीकर और डीजे को लेकर नई सरकार द्वारा जारी आदेश का सख्ती से पालन करने के लिए जिला प्रशासन इस वक्त खासी तेजी दिखा रहा है। जिले में उड़नदस्तों द्वारा इनकी निगरानी करने के साथ ही ध्वनि के स्तर को जांचा जाएगा। प्रशासन ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों के लिए बनाए गए नियमों का पालन कराने के लिए सात दिन का समय दिया है।

इस मामले में एक बैठक के दौरान कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि उड़नदस्तों द्वारा जांच के साथ ही सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्रा और सभी धर्मों के धर्मगुरु भी इस मौके पर उपस्थित थे। बैठक के दौरान कलेक्टर और पुलिस आयुक्त ने धर्मगुरुओं से चर्चा करते हुए बताया कि ध्वनि प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। यह कई मानसिक बीमारियों का कारण बन रहा है। यह बच्चों की पढ़ाई में भी व्यवधान करता है। इस वजह से सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का राज्य शासन द्वारा पालन कराने का निर्णय लिया गया है। इसी के तहत जिले में भी अब नियमों के तहत ही लाउडस्पीकर, डीजे का उपयोग किया जा सकेगा। एक धार्मिक स्थान पर सिर्फ एक ही लाउडस्पीकर लगाया जा सकेगा, जिसका उपयोग निर्धारित मापदंड के अनुरूप ही किया जा सकेगा।

**उड़नदस्तों का गठन:** अब सभी धार्मिक स्थलों, धार्मिक यात्राओं, जुलूस में निर्धारित ध्वनि सीमा स्तर में ही लाउडस्पीकरों का उपयोग किया जा सकेगा। निर्धारित ध्वनि सीमा स्तर का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। इस दौरान समझाइश भी दी जाएगी, इसके बाद भी यदि उल्लंघन किया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई होगी। इसके लिए जिले में उड़नदस्तों का गठन किया जा रहा है। ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के अनुसार धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, यात्राओं में सिर्फ दो डीजे की अनुमति दी जाएगी। यह डीजे भी मध्यम आकार के होना चाहिए। डीजे व लाउडस्पीकर का उपयोग करने के लिए विधिवत अनुमति सक्षम अधिकारी से लेना अनिवार्य है

# जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे, भजन गूंजे

### तीन दिनी श्री हनुमंत कथा का समापन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

गांधीनगर के पंचमुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत श्री मोहनदास त्यागी जी रामजी महाराज की स्मृति पर आयोजित तीन दिवसीय श्री हनुमत कथा का समापन हुआ।

कथा समापन से पूर्व संगीतमय भव्य श्री हनुमत कथा के अंतिम दिन चित्रकूट धाम से रामकथा के प्रवक्ता पूज्य वेंकटेश महाराज ने कथा को आगे बढ़ाते हुए श्रद्धालुओं को भगवान हनुमानजी ने कैसे रावण की लंका का दहन किया छोटा रूप में आकार माता सीता के पास पहुँचे? उन्होंने कहा कि आप सब मिलकर रावण की लंका और सेना को हराने में सक्षम हैं, लंका दहन की कथा के दौरान कथा स्थल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।

इस दौरान रामजी महाराज की सुपुत्री बाल व्यास निधि किशोरी ने अपने पिता रामजी द्वारा किये गए सेवा और धार्मिक कार्यो के बारे में विस्तार से बताया और सेवक भरत ने सभी का आभार प्रकट किया। वहीं रात को राजधानी के प्रमुख कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन कर कई भजन प्रस्तुत किए।



### मास्टर चन्द्र की जयंती पर गीत-संगीत की महफिल



**हिरदाराम नगर।** सिंधी समाज के प्रसिद्ध कलाकारों में से एक गायक, शायर, संगीतकार व अदाकार मास्टर चन्द्र की जयंती मनाई जाएगी। 15 दिसंबर को संस्था सिंधु गीत-संगीत के बीच अदारांजलि देगी। कार्यक्रम का आयोजन दीपामाला पागारानी पब्लिक स्कूल में शाम छह बजे होगा। गायक कलाकार दिलीप लालवानी, नरेश गिदवानी, नारी लच्छवानी, हास्य कवि बल्लू चोइथानी, देव अरजवानी गीत और कविताओं की प्रस्तुति देंगे। सिन्धी कवि सम्मेलन भी होगा। कार्यक्रम का संचालन द्रोपदी चंदनानी करेंगी।

**मेट्रो एंकर**

### व्यापारिक गतिविधियां दायरे से बाहर, मैकेनिकों का कब्जा

# संतनगर : पुराने बस स्टैंड के कारोबार पर 'अतिक्रमण का ग्रहण'

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में पुराने बस स्टैंड का वजूद दशकों पहले खत्म हो गया था। कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स सा नजर आने लगा है। नगर निगम भी नया कॉम्प्लेक्स बना रहा है, लेकिन अतिक्रमण यहां की सबसे बड़ी समस्या है। दुकानदार कारोबारियां गतिविधियां दुकानों के दायरे से बाहर आकर कर रहे हैं। पार्किंग की जगह पर मैकेनिकों का अतिक्रमण व्यापारियों की दुकानों के सामने वाहन खड़ा करने की मजबूरी बना हुआ है। एक समय था जब मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसें और हलालपुर बस स्टैंड बनने से पहले यहां बसों की आवाजाही हुआ करती थी, लेकिन अब पहचानभर बची है पुराने बस स्टैंड की। बस स्टैंड खत्म होने के बाद दुकानें दो मंजिला हो गईं। नगर ने दुकानें बनाकर यहां कॉमडिर्शयल गतिविधियों को बड़ा दिया है। निगम ने यहां दुकानों का निर्माण कर उसे प्रीमियम लेकर किराये पर दे दिया है। दुकानों के निर्माण के समय दुकानों के सामने वाहन पार्किंग के लिए काफी जगह थी, जो अब अतिक्रमण की चपेट में है। यहां ग्राहकों के लिए वाहन खड़ा करना बड़ी समस्या है।



**पार्किंग की जगह बनाई जाए**

व्यापारियों का कहना है, कपड़ा कारोबार के लिए पुराना बस स्टैंड प्रमुख केन्द्र हैं। यहां की सूरत अब पूरी तरह बदल गई है। लगातार यहां गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। यहां से मैकेनिकों के कब्जे हटाए जाने की जरूरत है। वाहनों की रिपेरिंग होने से आवाज और धुएं से व्यापारियों को परेशानी होती है। मैकेनिकों का हटाए जाने से पार्किंग की जगह भी मिल जाएगी।

### संडे को होते हैं ग्राहक परेशान

बाजार के मौजूदा सूरत की बात करें तो पुराना बस स्टैंड कपड़ा बाजार में तब्दील हो गया है। थोक एवं फुटकर दुकानें हैं। संडे को बाजार में खरीदी की रौनक वाहनों की पार्किंग की समस्या के बीच। ग्राहकों को वाहन खड़े करने की जगह नहीं मिल पाती। वजह अवैध कब्जा होना है। व्यापारियों का कहना है कि पार्किंग के लिए जो जगह सुरक्षित थी, वह अब मैकेनिकों के कब्जे में है। पुलिस ने अवैध कब्जों को हटाया था, लेकिन फिर से कब्जा हो गया है। जैन धर्मशाला के पास बन रहे शॉपिंग कॉम्पलेक्स पास भी मैकेनिकों एवं सर्विस सेंटर वालों का कब्जा हो गया है।

## एमपी बोर्ड के नकल रोकने के पुख्ता इंतजाम

# एग्जाम सेंटरों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य, अब जैमर लगाने की भी हो रही तैयारी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल ने तैयारियां तेज कर दी है। बीते साल के स्थितियों से सीख लेते हुए मंडल द्वारा परीक्षा केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। मंडल द्वारा इस बार सभी संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की अनिवार्यता के साथ मोबाइल पर पूर्णतः प्रतिबंधित रखा गया है। इसके साथ ही अब मंडल अति संवेदनशील केंद्रों पर पर पहली बार जैमर लगाने की तैयारी कर रहा है। बता दें कि मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं परीक्षा पांच फरवरी से शुरू होंगी। इस बार दोनों परीक्षाओं में 18 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे।



### करीब 650 संवेदनशील व अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र

मंडल की परीक्षा में करीब 3850 परीक्षा केंद्र बनाए जाते है। इसमें इसमें से तीन हजार सरकारी व 850 के आसपास निजी स्कूल होते है। इसमें 650 के आसपास संवेदनशील व अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की संख्या होती है। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील केंद्रों पर नकल की संख्या सबसे ज्यादा शिकायतें मिलती है। इन्हीं केंद्रों से पेपर आउट होने की आशंका भी बनी रही है। इसे देखते हुए मंडल यह इंतजाम कर रहा है।

## मोदी की गारंटी पूरी करने तेजी से दौड़ रही फाइलें

# तेंदुपत्ता संग्राहकों के पारिश्रमिक में इजाफे के बाद दूसरी गारंटी पर फोकस

**भोपाल दोपहर मेट्रो। मप्र में नई सरकार व नये मुख्यंत्री मोहन यादव तेजी से फैसले कर रहे हैं। दरअसल बीते दो महीने से चुनाव व आचार संहिता के चलते प्रशासनिक स्तर पर सन्नाटा था जो बीते तीन दिन में मुख्यमंत्री की शपथ व कार्य संभालने के बाद टूट गया है। सीएम ने सभी संभाग आयुक्त व कलेक्टर्स के साथ बैठक करके बहुत सारी बातें साफ तौर पर उन्हें बता दी हैं। वे आज शाम को कानून व्यवस्था की स्थिति पर सभी मैदानी पुलिस अधिकारियों के साथ भी वीडियो कांफ्रेंस करने वाले हैं।**

फिलहाल सरकार के कामकाज में ताजा परिस्तितियों के मुताबिक फैसले के साथ साथ चुनाव में किये गये वादों को पूरा करने की भी तेजी है। इसी कड़ी में सीएम यादव ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब प्रति मानक बोरा चार हजार रुपये पारिश्रमिक के आदेश दिये हैं। यह दरअसल भाजपा के संकल्प पत्र-मोदी की गारंटी 2023 का वादा है। प्रधानमंत्री ने विधानसभा चुनाव में आदिवासी क्षेत्रों में हुई जनसभाओं में जो गारंटी दी थी, उनमें यह पहली गारंटी थी। सरकार के इस निर्णय से 35 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को 162 करोड़ रुपये का अतिरिक्त पारिश्रमिक मिलेगा। यह दर वर्ष 2017 में 1250 रुपये प्रति बोरा थी, जिसे वर्ष 2023 में बढ़ाकर 3 हजार रुपये किया गया था। इस पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि देश के अंदर अगर कोई गारंटी है, तो वह



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने भी चुनाव प्रचार के दौरान तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक 3 हजार से बढ़ाकर चार हजार रुपये प्रति मानक बोरा करने की गारंटी दी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी संभागों में कमिश्नरों व कलेक्टरों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये अपनी प्राथमिकता साफ कर दी हैं। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटनाओं को लेकर चिंता जाहिर की और अधिकारियों से ऐसे उपाय करने को कहा, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो। उन्होंने अधिकारियों से दो-टूक कहा कि ऐसी घटनाओं पर ध्यान दें। जो खुले बोरवेल हैं, उनको अभियान चलाकर बंद करवाएं। मोहन यादव ने बैठक में कहा कि 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम पूरे प्रदेश में भव्य रूप से मनाएं और उसकी तैयारी अभी से प्रारंभ की जाए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन भी होगा। मुख्यमंत्री ने समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष और विभिन्न निगम मंडलों के महाप्रबंधकों की बैठक को मंत्रालय में संबोधित किया एवं नवगठित सरकार के संकल्प पत्र के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया।

## मुख्यमंत्री से मिले अभ्यर्थी

# शिक्षक भर्ती-2020 में वृद्धि की मांग की

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्राथमिक शिक्षक भर्ती 2020 उत्तीर्ण अभ्यर्थी गुरुवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिले। इस दौरान अभ्यर्थियों ने म.प्र प्राथमिक शिक्षक भर्ती 2020 में पदवृद्धि करके नियुक्ति पत्र जारी करने की मांग के साथ ज्ञापन सौंपा। मप्र प्राथमिक शिक्षक उत्तीर्ण संघ संयोजक मंगल सिंह ने बताया कि मप्र में 12 वर्षो के बाद भी प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रियाधीन है। सभी वर्गों के अभ्यर्थी काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले चुके है। जिला एवं स्कूल चॉइस फिलिंग हो चुकी है, लेकिन फिर भी हम सभी वेटिंग लिस्ट में हैं। काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले चुके अभ्यर्थियों की संख्या लगभग 9,000 है। अभी हाल ही में प्रदेश में प्राइमरी स्कूलों में 30,000 से अधिक प्रमोशन और रिटायरमेंट से पद खाली हुए है। ज्ञापन में मांग की है कि मप्र प्राथमिक शिक्षक भर्ती 2020 में पद वृद्धि करके नियुक्ति पत्र जारी किया जाए।

# जंगलों को समझने अनुभूति प्रेरक प्रशिक्षण शिविर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान एवं भोपाल संभाग के लिए अनुभूति प्रेरक प्रशिक्षण का आयोजन चंदनपुरा नगर वन में किया गया। इस दौरान बताया गया कि वन में



पेड़ों, झाड़ियों, घास, औषधीय पौधों पक्षियों, दीमकों, तितलियों, मधुमक्खियों और जंगलों की भी महती भूमिका रहती है। प्रशिक्षण के दौरान वन विभाग के एसडीओ आरएस भदौरिया और आरओ समरधा भी उपस्थित थे। इस दौरान मौजूद मुख्य प्रशिक्षक एके खरे और एसआर वाघमारे ने बताया कि प्रकृति पथ पर चलें।

# बीएमएचआरसी में अब आयुर्वेदिक, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा पद्धति से भी मिलेगा इलाज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अब आयुर्वेदिक, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा पद्धति का इलाज भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) में भी मिलेगा। बीएमएचआरसी परिसर में ही स्थित स्वास्थ्य केंद्र क्रमांक सात में आयुष विभाग के साथ मिलकर आयुष चिकित्सा एकीकृत स्वास्थ्य केंद्र खोला गया है। यह केंद्र सोमवार से शनिवार तक सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुला रहेगा। यहां सोमवार व मंगलवार को आयुष विभाग में पदस्थ होम्योपैथिक डॉक्टर, बुधवार व गुरुवार को आयुर्वेदिक डॉक्टर और शुक्रवार व शनिवार को यूनानी चिकित्सा पद्धति के डॉक्टर मरीजों को परामर्श देने के लिए उपलब्ध रहेंगे। सभी मरीजों के लिए यह डॉक्टर का परामर्श निःशुल्क रहेगा। वहीं केंद्र में उपलब्ध दवाएं भी मरीजों के लिए पूरी तरह निःशुल्क रहेंगी।



# अब क्या जवाब दूं...!



भोपाल, दोपहर मेट्रो। कांग्रेस के महासचिव व मप्र प्रभारी रणदीप सुरजेवाला विधायक दल की बैठक के बाद बाहर आये तो मीडिया से इस तरह घिर गये, संगठन में परिवर्तन आदि के सवाल को लेकर वे चुप रहे और आगे बढने की कोशिश करते रहे। अलबत्ता इसके पहले उन्होने इतना जरूरी कहा कि सभी विधायक साथियों ने सर्वसम्मति से नेता प्रतिपक्ष चयन का निर्णय अभा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पर छो?ा है। विधायकों ने पार्टी की मजबूती के लिए राय दी है। अब कांग्रेस विपक्ष में सजग प्रहरी और पहरेदार की भूमिका निभाते हुये सदन से लेकर स?क तक प्रदेश की जनता की आवाज उठायेगी। जो वादे भारतीय जनता पार्टी ने किये हैं हम सुनिश्चित करेंगे कि वह वादे भाजपा पूरा करें और जहां-जहां सरकार अपनी जिम्मेदारी में कोताही बरतेगी हम सजग प्रहरी के रूप में उसका बोध कराते हुये जनता के लिए आवाज उठायेंगे।

# असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए आवेदन की आज आखिरी तारीख

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने आवेदन फॉर्म में त्रुटि सुधार के लिए 17 दिसंबर तक का समय दिया है। असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की शुक्रवार को आखिरी तारीख है। यह परीक्षा 34 विषयों के लिए आयोजित की जा रही है। खाली पदों की संख्या 1669 है। परीक्षा में शामिल होने के लिए अब तक 42 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हो चुके हैं। सबसे अधिक आवेदन हिंदी के विषय के लिए आए हैं। यह परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण की परीक्षा 28 जनवरी 2024 को आयोजित की जाएगी।

**मेट्रो एंकर**

## उत्कृष्ट और मॉडल स्कूलों के लिए नई व्यवस्था

# शिक्षकों सहित शैक्षणिक स्टाफ के बच्चों को मिलेगा बिना परीक्षा प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**प्रदेश के शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय और मॉडल स्कूलों में पदस्थ शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के लिए काम की खबर है। शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के बच्चों को अब शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय और मॉडल स्कूलों में सीधे प्रवेश मिलेगा। यानी इन बच्चों को स्कूल में प्रवेश के लिए परीक्षा नहीं देनी होगी।**

## *लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किए आदेश चयन परीक्षा उत्तीर्ण होने की बाध्यता नहीं*

दरअसल, लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। लोक शिक्षण संचालक डीएस कुशवाह ने यह आदेश जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित जिला स्तरीय शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय और मॉडल स्कूलों में छात्र-छात्राओं को प्रवेश चयन परीक्षा के माध्यम से दिया जाता है। इन स्कूलों में पदस्थ स्टाफ के अधिकतम दो बच्चों का प्रवेश कक्षा 6वीं से 12वीं तक की कक्षाओं में दिया जा सकेगा। इनके प्रवेश के लिए चयन परीक्षा उत्तीर्ण होने की बाध्यता नहीं होगी।






## सुविचार

पूरी दुनिया जीतकर भी अगर माँ बाप का दिल न जीता तो वो जीत हार के समान है।

– अज्ञात

## संपादकीय

# अपना ही मुद्दा बना गया उलझन

जातीय गणना इस वक्त भारतीय सियासत का सबसे दिलचस्प पहलू और मुद्दा है। हाल ही में पांच राज्यों में चुनाव हुए व जो नतीजे आए उनकी मीमांसा इस मुद्दे के बरक्स भी हो रही है।क्योंकि तीन राज्य में तो चुनाव प्रचार के दौरान कास्ट सेंसस के मुद्दे को आक्रामक ढंग से उठाने का कांग्रेस को खास फायदा नहीं मिला। चुनाव नतीजे बता रहे हैं कि यह मुद्दा वोटरों के फैसले को निर्णायक ढंग से प्रभावित नहीं कर सका। इसके बाद से माना जाने लगा है कि अब शायद इस मुद्दे को पहले जितनी अहमियत न मिले,खासतौर पर कांग्रेस इसे उठाने के मामले में किफायत बरते। लेकिन यह देखना दिलचस्प है कि परोक्ष रूप में ही सही, यह मुद्दा दोनों खेमों में अपनी अहमियत बनाए हुए है। कांग्रेस में कर्नाटक के अंदर इस पर भारी उलझन बरकरार है। यही सवाल पिछले दिनों राज्यसभा में बहस के दौरान भाजपा ने भी उठाया था,कि कर्नाटक सरकार आखिर कास्ट सर्वे की रिपोर्ट को सार्वजनिक क्यों नहीं कर पा रही। यह कोई छुपी हुई बात नहीं है कि वहां मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार इस मसले पर अलग-अलग राय रखते हैं। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने यह कहकर परोक्ष रूप से शिवकुमार पर भी आक्षेप किया कि जब भी ऐसा मुद्दा सामने आता है, तो सवर्ण जातियों के नेता एकजुट हो जाते हैं और सब मिलकर इसका विरोध करते हैं। इसके बाद हालांकि डीके शिवकमुार ने यह स्पष्टीकरण दिया कि वह कास्ट सर्वे की रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने का विरोध नहीं कर रहे, मगर चाहते हैं कि यह काम व्यवस्थित और वैज्ञानिक तरीके से हो। मगर दिलचस्प है कि इस स्टीकरण से एक बार फिर इस बात की पुष्टि हुई कि उनका रुख कास्ट सर्वे की रिपोर्ट को अटकाने वाला ही है,यदि ऐसा ही है तो इसकी वजह भी है। वहां राजनीतिक तौर पर सबसे ज्यादा ताकतवर मानी जाने वाली दो प्रमुख जातियां वोक्कालिगा और लिंगायत इसके विरोध में हैं।इनके वोट सरकार बनाने में खासे अहम होते हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी यह कहते रहे हैं कि उनकी पार्टी देशभर में कास्ट सेंसस करवाएगी। ऐसे में इस मसले पर पीछे हटने की ज्यादा गुंजाइश कांग्रेस के सामने नहीं रह गई है। यही देखना होगा कि कर्नाटक में वह इस रिपोर्ट को लटकाए रखने के अलावा भी कोई हल निकाल पाती है या नहीं। अगर वह कर्नाटक के अंतर्विरोध को दूर करने का कोई प्रभावी रास्ता ढूंढ लेती है तो अगले चुनाव में इसे ज्यादा कारगर और विश्वसनीय ढंग से उठा सकती है वरना इसकी चुनावी प्रासंगिकता और कम होती जाएगी। जहां तक भाजपा की बात है तो इस मुद्दे से दूरी बनाए रखते हुए भी वह ओबीसी वोट को साधने की समानांतर कोशिशें जारी रखे हुए है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने जो मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री बनाए हैं, उसका मकसद लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण को साधना ही है,हालांकि प्रचार के दौरान उसने कांग्रेस द्वारा जोरशोर से उठाए जा रहे इस मामले में कुछ संकेत दिये थे कि वह इसके खिलाफ नहीं है,लेकिन अब हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में जीत के बाद उसके सामने लोकसभा चुनाव में दुविधा कम और कांग्रेस व उसके गठबंधन दलों के सामने ज्यादा है। यह लोकसभा चुनाव कई मायनों में कांग्रेस के लिये बहुत बड़ा है,क्योंकि वह केंद्र में सरकार से कभी इतने बरस दूर नहीं रही है और भाजपा के आक्रामक प्रचार के सामने वह लगातार बौनी व सिमटती नजर आ रही है।

## निशाना

### खड़ा है सवाल !



– कृष्णेन्द्र राय

हुई सुरक्षा चूक ।
ये मामला गंभीर ।।
मची अफरातफरी ।
डटे वहीं पर वीर ।।
आया सब कुछ सामने ।
थे सारे भयभीत ।।
हुआ सब अचानक ।
है किसकी पर जीत ।।
था डर का माहौल ।
जुगाड़ की थी माया ।।
माननीय लोगों ने ।
दिन ऐसा दिखाया ।।
खुल गई फिर पोल ।
चल रहा क्या हाल ।।
ना इसमें है संशय ।
खड़ा है सवाल ।।

## आज का इतिहास

- 1749: शिवाजी महाराज के पोते साहू जी का निधन।
- 1803 : भोंसले और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच हुई देवगांव संधि के तहत उड़ीसा और कटक कंपनी के शासन के अधीन हुए।
- 1950 : भारत रत्न से सम्मानित देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का निधन।
- 1950 : योजना आयोग की स्थापना।
- 1953 : भारत की एस विजयलक्ष्मी पंडित संयुक्त राष्ट्र महासभा के आठवें सत्र की अध्यक्ष चुनी गईं। इस पद पर पहुंची वह पहली महिला थीं।
- 1965 : बांग्लादेश में गंगा नदी के तट पर आये चक्रवात में करीब 15,000 लोगों की जान गई।
- 1976 : भारत के प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी बाइचुंग भूटिया का सिक्किम में जन्म।
- 1982 : स्पेन ने जिब्राल्टर की सीमा को खोल दिया। स्पेन की नयी सोशलिस्ट सरकार ने मानवीय आधार पर आधी रात को यह दरवाजे खोलकर स्पेन और जिब्राल्टर के लोगों के बीच की दीवार को खत्म कर दिया।
- 1991 : मशहूर फिल्म निर्माता सत्यजीत रे को सिनेमा की दुनिया में उनके अहम योगदान के लिए 'स्पेशल ऑस्कर' सम्मान दिया गया।
- 1997 : जैनेट रोसेनबर्ग जैगन गुयाना की राष्ट्रपति चुनी गईं। वह देश की पहली निर्वाचित महिला राष्ट्रपति होने के साथ ही गुयाना की पहली श्वेत राष्ट्रपति थीं।
- 1997 : अरुंधति रॉय ने 'बुकर पुरस्कार' जीता। उन्हें उनके उपन्यास 'द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' के लिए इस प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कार के लिए चुना गया।
- 2001 : पीसा की झुकती मीनार को 10 वर्ष बाद फिर से खोला गया। दरअसल इस इमारत के ढांचे को ठीक और मजबूत करने के लिए इसे बंद कर दिया गया था।
- 2011 : इराक युद्ध का औपचारिक अंत। अमेरिका ने देश में अपना अभियान समाप्त करने का ऐलान किया।

### संसद की सर्वोच्चता पर मुहर

# केशवानंद भारती निर्णय के आगे एक बड़ी छलांग

**विराग गुप्ता**

मार्क ट्वेन ने कहा था कि सच के जूते पहनने तक झूठ आधी दुनिया का सफर तय कर लेता है। अनुच्छेद-370 संविधान के अध्याय-21 का हिस्सा है, जिसका शीर्षक %अस्थायी और संक्रमणकालीन% है। इस अस्थायी प्रावधान को स्थायी बताने के झूठ का पर्दाफाश करने में सात दशक लग गए। इस मामले में शीर्ष अदालत के न्यायिक फैसले से घड़ी की सुइयों को पीछे ले जाना मुश्किल था। संविधान पीठ में शामिल प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ के साथ बाकी चार जजों में से तीन आने वाले समय में शीर्ष अदालत के प्रधान न्यायाधीश होंगे। सभी पांच जजों ने सर्वसम्मति से फैसला देकर संविधान के तहत संसद और राष्ट्रपति की सर्वोच्चता पर मुहर लगाई है। इस फैसले में कुछ बातें बड़ी साफगोई से कही गई हैं। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और विलय के बाद राज्य के पास कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं बची थी। अनुच्छेद-356 के तहत राष्ट्रपति शासन के दौरान राष्ट्रपति और संसद राज्य की विधानसभा के अधिकारों को टेकओवर कर सकते थे। संविधान सभा का अस्तित्व खत्म होने के बाद अनुच्छेद-370 को हटाने के लिए जनमत संग्रह की कोई जरूरत नहीं थी। भारतीय संविधान के तहत राज्य के किसी हिस्से को केंद्र-शासित प्रदेश में बदलने के लिए संसद और केंद्र सरकार को अधिकार हासिल हैं। इसलिए लद्दाख को बगैर विधानसभा के केंद्रशासित प्रदेश बनाने का फैसला सही है। सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन के अनुसार जल्द चुनाव होंगे। इसलिए जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने और अनुच्छेद-3 की व्याख्या के मामले पर शीर्ष अदालत ने फिलहाल फैसला नहीं दिया है। न्यायमूर्ति कौल ने दक्षिण अफ्रीका के जुलू कबीले में प्रचलित उबंटू प्रथा को उद्धृत करते हुए करुणा और क्षमा के मानवीय आधार पर फैसला लिखा है।




दक्षिण अफ्रीका से महात्मा गांधी का गहरा नाता था। तथ्यों और सच की जांच करने वाले आयोग से कश्मीर में भरोसा बढ़ेगा या नफरत की कहानियां? सोशल मीडिया में झूठ और फरेब के दौर में इसका फैसला जनता की अदालत में ही होगा। सर्वोच्च न्यायालय को संविधान का संरक्षक माना जाता है, लेकिन वह हर मर्ज की दवा नहीं है। कुछ लोग इस फैसले की नैतिकता के आधार पर आलोचना कर रहे हैं।

हकीकत यह है कि अनुच्छेद-370 कश्मीर में भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण का सबसे बड़ा माध्यम बन गया था। नेताओं, आंदोलनकारियों और बड़े वकीलों को यह समझने की जरूरत है कि सच या झूठ के नैरेटिव को गढ़ने के लिए अदालतों के बेजा इस्तेमाल से संविधान के साथ लोकतंत्र कमजोर होता है। फैसले के बाद पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद और घुसपैठ से पीड़ित कश्मीर में अनिश्चितता के बादल छटेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में केंद्र सरकार के अधिकारों को मजबूती देने के साथ न्यायपालिका की सीमा निर्धारित करने वाला यह फैसला केशवानंद भारती के आगे एक बड़ी छलांग है। 370 की तर्ज पर किसी भी क्षेत्र या वर्ग के लिए विशिष्ट प्रावधान बनाना आसान है, लेकिन उन्हें खत्म करना कठिन है। इससे नेताओं और सरकारों को चेतना जरूरी है।

न्यायपालिका के लिए इस फैसले के अनेक सबक हो सकते हैं। 2015 से लंबित मामलों की सुनवाई में कई साल का विलंब होने से शीर्ष अदालत की साख कमजोर हुई। उसके बाद इस मामले की 16 दिन तक मैराथन सुनवाई हुई। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट में हर पक्ष के वकील को आधे घंटे बहस का मौका मिलता है। लेकिन भारत की शीर्ष अदालत में बड़े वकीलों से जुड़े मामलों में सुनवाई की कोई समय-सीमा न होने से बहमूल्य अदालती समय नष्ट होता है। इसकी भरपाई आम जनता और जूनियर वकीलों से जुड़े मामलों में होती है।

राज्यपाल और स्पीकर द्वारा फैसलों में विलंब के खिलाफ शीर्ष अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। उसके द्वारा जारी गाइडलाइंस के अनुसार सुनवाई के बाद रिजर्व किए गए मामलों में तीन माह के भीतर फैसला होना चाहिए, जिसका इसमें पालन नहीं हुआ। जजों के अनुसार, फैसले संक्षिप्त और तार्किक होने चाहिए, जिसकी इस फैसले में अनदेखी हुई है। इसके खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर हो सकती है, लेकिन उससे फैसले में बदलाव की नगण्य संभावना है। पर राज्य में जल्द चुनाव नहीं हुए, तो नए राउंड की मुकदमेबाजी फिर से शुरू हो सकती है।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

### जलवायु-परिवर्तन और जागरूकता........

# विकसित और विकासशील देशों के लोगों के दृष्टिकोण में बड़ा फासला

**सीमा जावेद**

फेसबुक उपयोगकर्ताओं के एक वैश्विक सर्वेक्षण में विकसित और विकासशील देशों के लोगों के बीच जलवायु जागरूकता में महत्वपूर्ण अंतर पाया गया है। जलवायु परिवर्तन पर 'अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक जनमत ‒ 2023' नामक एक रिपोर्ट में, जलवायु परिवर्तन कम्यूनिकेशन पर येल कार्यक्रम, अंतरराष्ट्रीय संरक्षण संगठन रेयर और डाटा फॉर गुड के शोधकर्ताओं को विकसित दुनिया के उत्तरदाताओं में जलवायु परिवर्तन को लेकर उच्च स्तर की जागरूकता मिली, जबकि अफ्रीका, दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, मध्य पूर्व और कई द्विपीय देशों के आधे से अधिक उत्तरदाताओं ने बताया कि वे जलवायु परिवर्तन के बारे में %बहुत कम% या %कुछ भी नहीं% जानते हैं।

इस सर्वेक्षण में दुनिया भर के 187 देशों के 18 वर्ष से ऊपर के 1,39,136 फेसबुक के सक्रिय उपयोगकर्ताओं से प्रतिक्रियाएं जुटाई गईं। सर्वेक्षण में शामिल 110 देशों, इलाकों और क्षेत्रों में से 45 में आधे से अधिक उत्तरदाताओं का कहना है कि वे जलवायु परिवर्तन के बारे में या तो %बहुत कुछ% या %थोड़ा-बहुत% जानते हैं। कई क्षेत्रों में उत्तरदाताओं के बड़े हिस्से का कहना है कि उन्होंने जलवायु परिवर्तन के बारे में %कभी नहीं सुना%। यह रिपोर्ट दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन संबंधी धारणाओं, रवैयों, नीतिगत पसंद और व्यवहार का वर्णन करती है, जो रेयर और मेटा में सोशल इम्पैक्ट पार्टनरशिप की एकसाथ साझेदारी करने का नतीजा है। यूरोप में उत्तरदाताओं के यह कहने की सर्वाधिक संभावना है कि वे जलवायु परिवर्तन के बारे में कम से कम थोड़ा-बहुत तो जानते हैं, 31 में से 27 क्षेत्रों में बहुमत ऐसा कह रहा है। इसके विपरीत, उप-



सहारा अफ्रीका के उत्तरदाताओं में इसकी संभावना सबसे कम है। जलवायु परिवर्तन संचार पर येल कार्यक्रम के निदेशक एंथनी लीसेरोविट्ज ने कहा, %दुनिया भर में बुनियादी जलवायु परिवर्तन के बारे में लोगों को बताए जाने की अभी गंभीर आवश्यकता है, खासकर दुनिया के सबसे कमजोर देशों की आबादी में।% किसी भी चुनौती से निपटने के लिए उसे झेलने वालों को उसके हर पहलू की बेहतर जानकारी होना जरूरी है।

साफ जाहिर है कि जलवायु परिवर्तन के बारे में दुनिया भर के लोगों के ज्ञान और दृष्टिकोण में बहुत बड़ा फासला है। जलवायु परिवर्तन के असर से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले लोगों में इसके बारे में पूरी जानकारी और जागरूकता न होने पर इसके लिए जरूरी साक्ष्य-आधारित कार्यक्रमों और नीतियों का समर्थन करना मुश्किल हो सकता है। हालांकि ग्लोबल साउथ में कई लोग शुरू में जलवायु परिवर्तन के बारे में बेखबर थे, लेकिन एक बार संक्षिप्त परिभाषा देने पर हर स्थान पर बहुत बड़े बहुमत का कहना है कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है। कुछ ही क्षेत्रों में बहुमत का कहना है कि जलवायु परिवर्तन ज्यादातर मानवीय गतिविधियों के कारण होता है, जबकि कई लोग कहते हैं कि यह समान रूप से मानवीय गतिविधियों और प्राकृतिक परिवर्तनों, दोनों के कारण होता है।

लैटिन अमेरिका के देश जलवायु परिवर्तन को लेकर सबसे अधिक चिंतित देशों में शामिल हैं। कोस्टा रिका और अल साल्वाडोर में 92 फीसदी उत्तरदाताओं का कहना है कि वे जलवायु परिवर्तन के बारे में %बहुत चिंतित% या %कुछ हद तक चिंतित% हैं। अल साल्वाडोर में 87 फीसदी उत्तरदाताओं के यह कहने की संभावना है कि जलवायु परिवर्तन उनके लिए व्यक्तिगत रूप से %निहायत% या %बहुत% महत्वपूर्ण है, जबकि 90 फीसदी का कहना है कि जलवायु परिवर्तन सरकार के लिए या तो %बहुत उच्च% या %उच्च% प्राथमिकता होनी चाहिए। नीदरलैंड में केवल 45 फीसदी उत्तरदाताओं का कहना है कि वे जलवायु परिवर्तन के बारे में चिंतित हैं या कुछ हद तक चिंतित हैं, और केवल 19 फीसदी का कहना है कि जलवायु परिवर्तन उनके लिए व्यक्तिगत रूप से बेहद या बहुत महत्वपूर्ण है।

समृद्ध क्षेत्रों के उत्तरदाता आमतौर पर जलवायु परिवर्तन को व्यक्तिगत जोखिम के रूप में नहीं देखते हैं, बल्कि इसे भविष्य की पीढ़ियों या दुनिया के अन्य हिस्सों के लिए एक बड़े खतरे के रूप में देखते हैं। यह येल प्रोग्राम ऑन क्लाइमेट चेंज कम्युनिकेशन के पूर्व अध्ययनों के अनुरूप है, जिनमें पाया गया था कि कई लोग जलवायु परिवर्तन को दूर की समस्या के तौर पर देखते हैं।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।



# चोरी की मोटरसाइकिल से देते थे लूट की घटना को अंजाम

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

सिवनी मालवा में बीते महीने दिनांक 21 नवंबर की रात में रात्रि के करीब 9 बजे बायपास पर बिल्दी रोड चौराहे पर हुई महिला के साथ लूट की एक घटना घटित हुई थी जिस पर थाना सिवनी मालवा में अपराध क्रमांक 394/23 धारा 392 भादवि पंजीबध्द किया गया था। बायपास पर हुई लूट की घटना में शामिल आरोपियों की तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. गुर करन सिंह के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी मालवा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सज्जन सिंह मुकाती के नेतृत्व में टीम द्वारा शहर के आदतन अपराधियों एवं लूट के पूर्व आरोपियों से सघन पूछताछ की गई। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया, जिनके द्वारा सूचना दी कि दो व्यक्ति सरवन सिलोरिया एवं लक्की लोवंशी द्वारा एक पल्सर गाड़ी चोरी की है एवं आजकल बहुत रूपये खर्च कर रहे हैं।



दोनों संदिग्धी सरवन सिलोरिया पिता माखन सिलोरिया नि. दुर्गा कालोनी एवं लक्की ऊर्फ यश लोवंशी पिता कमलेश लोवंशी नि. दुर्गा कालोनी से पूछताछ की गई।

जिन्होने करीब 25 दिन पहले दुर्गा कालोनी से पल्सर मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों से थाना सिवनी मालवा के अपराध क्र. 690/2023 धारा 379 भादवि में चोरी की गयी लाल काले रंग की प्लसर मोटर सायकल स्ब्क्47स्ह 6589 को जप्त किया गया। आरोपियों से बारिकी से सघन पूछताछ की गई। जिन्होने मोटर सायकल चोरी करने के उपरांत बायपास पर महिला के साथ लूट कर उसका पर्स छीनना स्वीकार किया। आरोपीगण से लूटे गये 52,000/- रूपये में से 26000/- हजार रूपये दोनों ने आपस में बांट लेना बताया। आरोपीगण के पास से बचे हुये 20,400/- रुपये, घटना में प्रयुक्त हीरो मोटर सायकल एवं फरियादिया का पर्स एवं अन्य वस्तुएं जप्त की गई।

# गुड सेमेरिटन योजना के तहत कलेक्टर ने लक्ष्मी नारायण सोनी किया सम्मानित

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की बचाई थी जान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले के शोभापुर मार्ग पर सेंट्रल बैंक के सामने जगदीश लोधी पिता बारेलाल लोधी को वाहन द्वारा टक्कर मारा गया था , जिसमे जगदीश लोधी को सिर पर जानलेवा चोट पहुंची थी, मौके पर पहुंचे तहसील पिपरिया निवासी लक्ष्मीनारायण सोनी द्वारा जगदीश लोधी को अस्पताल पहुंचाया गया, समय पर अस्पताल पहुंचने के कारण जगदीश लोधी की जान बच पाई, इस सराहनीय कार्य के लिए गुड सेमेरिटन समिति द्वारा लक्ष्मीनारायण सोनी का नाम गुड सेमेरिटन योजना के लिए परिवहन आयुक्त कार्यालय ग्वालियर म.प्र. भेजा गया था, जिसके तहत 14 दिसंबर को कलेक्टर नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह द्वारा लक्ष्मीनारायण सोनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।उल्लेखनीय है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार ( MORTH ) द्वारा संचालित गुड सेमरिटन योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में शीघ्रता से



चिकित्सकीय सहायता पहुंचाने और जान बचाने वाले व्यक्ति को शासन द्वारा गठित टीम जिसमे अध्यक्ष जिला कलेक्टर के अलावा पुलिस अधीक्षक, परिवहन अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी द्वारा मदद करने वाले व्यक्ति को गुड सेमेरिटन ( नेक व्यक्ति ) के तहत 5000 रुपए इनाम के साथ प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।

# छात्राओं को प्रेरित कर चलाया गया कॉलेज चलो अभियान



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर के रघुवंशी तथा नोडल अधिकारी डॉ. ए के यादव के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गठित समिति सदस्यों द्वारा दिनाँक 14 दिसंबर 2024 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बघवाड़ा में प्रवेश प्रक्रिया एवं उच्च शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में विद्यार्थियों को पीपीटी के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सहायक प्रध्यापक कमल अहिरवार ने कुसुम महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं जिसमे जिम, खेल सुविधाएं, प्रतियोगी परीक्षा की निःशुल्क क्लासेस, इग्नू एवं भोज सेंटर, इनक्यूबेशन सेंटर, एनसीसी, एनएसएस, स्मार्ट क्लास, ई लाइब्रेरी, गर्ल्स कॉमन रूम, से संबंधित जानकारी दी । इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ अतुल गौर, समिति सदस्य, विद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सरकार की योजनाओं की सफलता की कहानी भी वीडियो फिल्म के माध्यम से प्रसारित की जाएगी

# केंद्र सरकार की 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कल से होगी शुरू

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुँचाने के लिये जिले में 16 दिसम्बर से 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा'' आयोजित की जाएगी। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंस में जिले सभी नोडल अधिकारियों, जनपद सीईओ एवं सीएमओ को निर्देश दिये कि संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित सभी कार्यक्रम गरिमापूर्ण तरीके से हों, यह सुनिश्चित किया जाए। संकल्प यात्रा के संबंध में पॉवर पाइन्ट प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें बताया गया कि यात्रा के लिये 7 प्रचार वाहन जिले में आयेंगे, जिसमें 3 बड़े वाहन नगरीय क्षेत्र के लिये तथा 4 छोटे वाहन ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण कर भारत सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वीडियो संदेश के प्रसारण के साथ-साथ सरकार की योजनाओं की सफलता की कहानी भी वीडियो फिल्म के माध्यम से प्रसारित की जाएगी।

इस यात्रा के माध्यम से शासन की प्रमुख योजनाओं के बारे में नागरिकों को बताया जाएगा। साथ ही योजनाओं संबंधी आवेदन प्राप्त कर लाभार्थियों का नामांकन एवं चयन होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर लगाये जाएंगे। इनमें सामान्य स्वास्थ्य जाँच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यात्रा के दौरान आयोजित शिविर स्थलों पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राहियों के आवेदन भी प्राप्त किये जाएंगे। साथ ही ऐसे किसान, पशु पालक, मछुआरे, जिनके पास क्रेडिट कार्ड नहीं हैं, उनके आवेदन लेने और संबंधित बैंकों से



समन्वय कर क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने की कार्यवाही भी की जाएगी। कैम्प में आधार कार्ड के अपडेशन का कार्य और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ भी वितरित किया जाएगा।

इस संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम स्थलों पर लगाए गए कैम्प में पेंशन योजनाओं के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। इसमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और दिव्यांगजन पेंशन की जानकारी देने के साथ ही ग्रामीणों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही भी की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर कृषि स्टॉल लगाकर वहाँ से कृषकों को किसानों के लिये संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर अनुसूचित जनजाति विभाग से संबंधित योजनाओं का स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

### कई स्टाल भी लगाए जाएंगे

इस संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, पीएम आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत अभियान, उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना के बारे में नागरिकों को जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, पीएम पोषण अभियान, जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के बारे में लोगों को बताया जाएगा और पात्र हितग्राहियों को लाभांवित भी किया जाएगा।

# खुला बोरवेल मिला, तो होगी एफआईआर

**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने आज राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधितों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि जिले में यदि कहीं खुला बोरवेल पाया जाता है तो एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही अविलम्ब संपादित की जाए। उन्होंने कहा कि बोरवेलो पर निगरानी के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर समितियां गठित की गई है।



कलेक्टर श्री भार्गव ने निर्देश दिए है कि जिस कंपनी के द्वारा बोरवेल खनन किया गया है और वह खुला पाया जाता है तो संबंधित खनन कंपनी के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने खुले बोरवेलो के प्रति जनजागरूकता के उद्धेश्य से ग्राम स्तरो पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए है ताकि जिले में कहीं भी खुला बोरवेल ना हो।

# पंचायत के रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए कार्यक्रम जारी

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2023 उत्तरार्द्ध का निर्वाचन 5 जनवरी 2024 को संपन्न कराया जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन नर्मदापुरम देवेन्द्र कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि नर्मदापुरम जिले में स्थित 7 विकासखंडो में सरपंच ग्राम पंचायत के एक रिक्त पद, पंच के रिक्त 138 पद के लिए निर्वाचन की कार्यवाही की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर 2023 से 22 दिसम्बर 2023 तक प्राप्त किए जायेंगे। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा अर्थात जॉच 23 दिसम्बर को की जाएगी एवं नाम वापसी 26 दिसम्बर 2023 तक किये जा सकते हैं। उपरोक्त कार्यवाही पश्चात यदि मतदान आवश्यक होने की स्थिति निर्मित होती है तो मतदान 5 जनवरी 2024 को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा। उक्त निर्वाचन के लिए पंच पद के लिए मतदान की कार्यवाही मतपत्र के माध्यम से तथा सरपंच पद के निर्वाचन के लिए मतदान ईव्हीएम मशीनों से संपादित होगा। पंच पद की मतगणना मतदान केन्द्र पर तथा सरपंच पद की मतगणना संबंधित विकासखंड मुख्यालय पर की जाएगी।

**मेट्रो एंकर** — एड्स जागरूकता पखवाड़ा के बीच एड्स बचाव कार्यशाला का हुआ आयोजन

# चार कारण बताए: असुरक्षित यौन संबंध खतरनाक, गर्भावस्था के दौरान शेविंग करते समय नई सीरीज का प्रयोग करें

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

सिवनी मालवा शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में रेड रिबन क्लब द्वारा दिनांक 14 दिसंबर 2023 को महाविद्यालय में एड्स जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत एड्स जागरूकता एवं बचाव की कार्यशाला का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिवनी मालवा से आए डॉक्टर ऋषि चौबे ने एड्स जागरूकता के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए छात्रों को बताया कैसे एड्स फैलता है। उसके प्रमुख चार कारण बताएं असुरक्षित यौन संबंध गर्भावस्था के दौरान सेविंग करते समय नई सीरीज का प्रयोग किया जाना चाहिए आदि पर विस्तार पूर्वक छात्र-छात्राओं को बताया गया महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयोजक डॉक्टर मोहन सिंह गुर्जर ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा एड्स जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत आज विद्यार्थियों को एड्स संबंधि जानकारी प्रदान की गई तथा इस एड्स जागरूकता



पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत की शुरुआत प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी द्वारा एड्स जागरूकता पर सजग और सचेत रहने की आवश्यकता प्राचार्य द्वारा बताई गई। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स एक ऐसी बिमारी है जिससे थोड़ी सी जागरूकता से बचा जा सकता है।

इस अवसर पर डॉ कल्पना स्थापक, प्रो एससी अग्रवाल, प्रो. एसके अग्रवाल, डॉ एके यादव, डॉ जया कैथवास, डॉ आरती पडियार, डॉ अनुराग पथक, श्रीमती विजयश्री मालवीय, कमल सिंह अहिरवार, प्रेम नारायण परते, रमाकांत सिंह, डॉ अतुल गौर, श्रीमती सुमन यादव, प्रशांत चौरसिया, डॉ रश्मि सोनी नवनीत सोनारे, श्रीमती गीता डोंगरे, कैलाश गड़वाल, डॉ प्राची सिंह, रोहित मालवीय तथा समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सीएमओ ने की साफ सफाई



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगर को साफ-साफ बनाने के लिए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनमोहन साहू ,उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ ,नगर पालिका सीएमओ, रामप्रकाश साहू ,स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने नगर के सार्वजनिक स्थानों पर बने शौचालय की साफ सफाई करते हुए जागरूकता अभियान प्रारंभ किया है ।इस अभियान का उद्देश्य की लोगों में साफ सफाई के प्रति जागरूकता आए। आम जनता अपनी दुकानें और घरों को साफ स्वच्छ से रखे । साथ ही नगर पालिका का सहयोग करे इसी के चलते हैं अभियान प्रारंभ किया गया है। सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि आम जनता को जागरूक करने के लिए अभियान प्रारंभ किया गया है।

# पुराने बस स्टैंड से हटाया अतिक्रमण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अभियान प्रारंभ किया गया। अभियान के तहत तीसरे दिन पुरानी बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई यहां पर कुछ दुकानदारों के द्वारा पहले विरोध किया गया पर नगर पालिका प्रशासन प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए यहां पर हुए अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की विरोध करने वाले कुछ दुकानदारों का सामान भी जप्त करने की कार्रवाई की वही नगर पालिका का अतिक्रमण विरोधी अभियान निरंतर जारी रहेगी। इस दौरान नगर पालिका प्रभारी सीएमओ राम प्रकाश साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना अतिक्रमण विरोधी अभियान प्रभारी संजय यादव आदि मौजूद थे।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात



**सिरोंज।** विधायक उमाकांत शर्मा ने की नव नियुक्त मुख्यमंत्री मोहन यादव से भोपाल में मुलाकात।

## प्रदेश महामंत्री से जनपद सदस्य प्रतिनिधि ने की भेंट



**सिरोंज।** भाजपा नेता एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि पंडित प्रशांत पालीवाल ने प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी से भोपाल पहुंचकर मुलाकात करके विधायक निर्वाचित होने पर उनको बधाई दी साथ ही पार्टी की विभिन्न गतिविधियों अवगत करते हुए सिरोंज आने का आमंत्रण दिए।

## नवनियुक्त मुख्यमंत्री के आदेश का सिरोंज में दिखा असर, विक्रेताओं को दी हिदायत

# खुले में मांस विक्रय किया तो दुकान का लाइसेंस होगा निरस्त

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नए सीएम के आदेश के बाद पालिका प्रशासन भी सख्त दिखाई दे रहा है नगरपालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू, स्वछता निरीक्षक धीरज मैना नगर पालिका अमले के साथ निरीक्षण पर निकले। खुले में रखकर मांस बेच रहे सभी दुकानों पर पर्दे डालने को कहा। साथ ही निर्देश दिया कि दुकान में एक फिल्म लगा कांच लगवाएं जिससे दुकान में अंदर का सामान दिखाई न दे। सभी मांस, मुर्गा बेचने वाले दुकानदारों को यह निर्देश दुकान दुकान जाकर दिये गए। सभी के लाइसेंस भी चेक किये गए। ।

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। वही पहले ही नगर पालिका सीएमओ ने नगर में संचालित हो रही मांस दुकानों की जांच पड़ताल करके नियम विरुद्ध चल रही मांस दुकानों को बंद करने व खुले में मांस बेचने वालों विक्रेताओं को समझाएं देकर ढककर रखने के निर्देश दिए थे । दूसरी ओर जैसे ही सीएम डॉक्टर मोहन यादव ने खुले में मांस विक्रय करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करने व ऐसी दुकानों को बंद करवाने के निर्देश दिए तो नगर पालिका प्रभारी सीएमओ राम प्रकाश साहू स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना नगर पालिका अमले को लेकर कले बाजार सहित अन्य स्थानों पर संचालित होने वाली मांस दुकानों की जांच पड़ताल करने के लिए पहुंची तो एक दुकान ऐसी भी मिली जिसके पास मांस विक्रय करने का कोई लाइसेंस नहीं था फिर भी मांस बेचने का काम किया जा रहा था । इसके बाद तत्काल उक्त दुकान को नगर पालिका के अमले ने बंद करवाया और पंचनामा बनाकर आगे की कार्रवाई करने की बात कहीं दूसरी ओर इसके बाद अन्य दुकानों की जांच पड़ताल करने के लिए पहुंचे तो जहां पर खुले में मांस रखकर पाया गया साथ ही सड़क पर पिंजरे में मुर्गा मुर्गी रखे हुए थे। इसके बाद अधिकारियों ने इन मांस विक्रेताओं को सत्ख हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शासन के निर्देश का पालन सभी को करना होगा खुले में यदि मांस विक्रय करते हुए आगे से कोई पाया जाता है तो लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई के साथ चलानी कार्रवाई भी होगी आवश्यकता पड़ने पर शासन के निर्देश अनुसार आगे की कार्रवाई भी मांस विक्रेताओं के ऊपर होगी। सभी मांस विक्रेताओं को अधिकारियों ने समझा देते हुए कहा कि शासन के आदेश कोई भी उल्लंघन न इसके बाद कई मांस विक्रेता तो कई तरह के बहाने बताते हुए नजर आए पर अधिकारियों ने कहा कि सरकार के आदेश का पालन करना ही होगा नहीं करने वालों पर कार्रवाई भी होगी। जो भी सरकार के आदेश की अवहेलना करेगा उसके खिलाफ प्रशासन का डंडा भी चलेगा।

इस कार्रवाई के बाद मांस विक्रेताओं में हड़कंप भी मच गया पहले तो कुछ मांस विक्रेता नगर पालिका प्रशासन की कार्रवाई का विरोध भी कर रहे थे। नए सीएम के तेवर देखकर प्रशासन भी उस हिसाब से कम कर रहा है। दूसरी ओर नगर में अभी भी कई ऐसी मास की दुकानें संचालित हो रही है जिनके पास किसी भी तरह का लाइसेंस नहीं है ,फिर भी सार्वजनिक स्थलों पर दुकानों का संचालन इनके द्वारा किए जा रहा है। ऐसी दुकानों की भी जांच पड़ताल करके बगैर लाइसेंस चलने वाली दुकानों को बंद करवाना होगा दूसरी ओर नगर पालिका प्रशासन के द्वारा लगातार इन दुकानों की जांच पड़ताल करने की बात भी कई है।

### बगैर लाइसेंस के संचालित हो रही 1 दुकान को कराया बंद



### सार्वजनिक ,धार्मिक स्थान पर भी खुली दुकाने हैं

नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में बगैर लाइसेंस की बड़ी संख्या में मांस की दुकानें संचालित हो रही है। दूसरी ओर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं होने के कारण के कारण इन मांस विक्रेताओं के हौसले भी बुलंद हो गए हैं । इसी का परिणाम है कि सामाजिक क्षेत्र में भी मांस की दुकान खोल का सड़क पर पिंजरे रखने का काम किया जाता है। यहां से आने जाने वाले लोगों की भावना भी आयात होती है । क्योंकि खुले में ही मांस का विक्रय किया जाता है। सड़क पर ही पिंजरे रख लिए जाते हैं। इनमें से बदबू आती है इस कारण यहां से निकलना मुश्किल होता है ऐसे लोगों पर भी प्रशासन को कड़ी कार्रवाई नहीं चाहिए ।

### खाद्य औषधि विभाग से दे दिया जाता है लाइसेंस

नगर में मांस की दुकानों को संचालित करने के लिए नगर पालिका से ही लाइसेंस से लेने का नियम है। नगर पालिका हर किसी को मांस विक्रय करने का लाइसेंस नहीं देता है लेकिन विदिशा में खाद्य औषधि विभाग के अधिकारियों के द्वारा थोड़ा सा लोभ मिलने पर लाइसेंस देने का काम किया जाता है। इस तरह की जानकारी भी जांच के दौरान नगर पालिका सीएम रामप्रकाश साहू तथा स्वास्थ्य अधिकारी के सामने आए तो उन्होंने ऐसे लोगों के लाइसेंसों की फोटोकॉपी भी ले ली है। इसके बाद इस संबंध में खाद्य औषधि विभाग के अधिकारियों से बात करके पूरे मामले की जानकारी कलेक्टर को भी दी जाएगी कि नगर में नगर पालिका की बगैर अनुमति के मांस की दुकानों को लाइसेंस खाद औषधि विभाग के द्वारा किस आधार पर दिया जा रहा है। कलेक्टर के द्वारा आगे जो आदेश दिया जाएगा उसके बाद नगर पालिका प्रशासन अपनी कार्रवाई आगे करेगी।

### इनका कहना है-

*माननीय मुख्यमंत्री जी निर्देश प्राप्त हुए हैं जिसको लेकर कार्यवाही की जा रही है जिन दुकानों पर मांस बिक्रय किया जा रहा है उनके लाइसेंस चेक किए गए हैं जिनके पास लाइसेंस नहीं है उन पर भी कार्यवाही की जा रही है।*

***राम प्रकाश साहू ,प्रभारी सीएमओ नगर पालिका सिरोंज***

*बगैर लाइसेंस की एक दुकान संचालित मिली है उसको हमने बंद करवाया बाकी सभी को चेतावनी देते हुए कहा कि खुले में कोई मांस विक्रय नहीं करेगा यदि ऐसा पाया जाता तो हम आगे से कड़ी कार्रवाई साथ ही जितनी भी मांस दुकाने चल रही है उन सब की जांच पड़ताल कर रहे हैं । बिना लाइसेंस के किसी भी दुकान को संचालित नहीं होने दिया जाएगा ।*

***धीरज मैना ,स्वास्थ्य अधिकारी नगरपालिका***

# विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने आर्थिक सहायता

**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने के लिये पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा विद्यार्थियों की आवासीय सुविधा के लिये विशेष व्यवस्था की गई है। अब जिला मुख्यालय में 100 सीटर कन्या छात्रावास एवं 50 सीटर बालक छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। साथ ही ब्लॉक मुख्यालय में विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा देने के मकसद से किराये के भवन में छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं।

**पिछड़ा वर्ग विद्यार्थी मेधावी छात्रवृत्तिः** पिछड़ा वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिये मेधावी पुरस्कार योजना नियम-2010 लागू किये गये हैं। योजना में जिला स्तर पर इस वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाना है। योजना में कक्षा 10वीं बोर्ड में जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र एवं एक छात्रा को 5-5 हजार रूपये, कक्षा 12वीं बोर्ड में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र एवं एक छात्रा को 10-10 हजार रूपये पुरस्कार के रूप में दिये जाते हैं।

**मेट्रो एंकर**

## आखिरी दिन की लीला देखने के लिए पंडाल में सैकड़ों की संख्या में दर्शक

# जैतपुर में चल रही 11 दिवसीय रामलीला में भगवान राम का हुआ राज्याभिषेक, उतारी आरती, पूजन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

जैतपुर में चल रही रामलीला में भगवान राम जी का राज्याभिषेक के साथ ही रामलील समापन हुआ पिछले 11 दिनों से बड़े भक्ति भाव से रामलीला का मंचन कलाकारों के द्वारा किया जा रहा था प्रतिदिन अलग-अलग स्वरूप के दर्शन भी हो रहे थे। पूरा गांव राम की भक्ति में लीन नजर आ रहा था । वही रामराज बैठे त्रिलोका, हर्षित भय गए सब शोका से पूरा पंडाल गूंज उठा। आखिरी दिन की लीला देखने के लिए पंडाल में सैकड़ों की संख्या में दर्शक रहे। बीती रात्रि हुए लीला मंचन में लंका विजय के पश्चात भगवान राम, लक्ष्मण, माता जानकी, हनुमान व विभीषण सहित राम जी की सेवा जब अयोध्या के लिए पुष्पक विमान से निकलते हैं। प्रभु श्रीराम के आगमन में देरी से भरत विदह हो जाते हैं। इसी दौरान हनुमान जी ब्राह्मण का वेश बनाकर भरत जी को श्रीराम के आगमन की सूचना देते हैं।



प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, माता जानकी व उनके साथ आए पवनसुत हनुमान जी का अयोध्या वासियों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। भगवान राम के राज्याभिषेक का सुंदर मंचन किया गया। ग्रामीणों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की झांकी के दर्शन करके आरती उतारी। श्री बांकेबिहारी रामलीला मण्डल अध्यक्ष लल्लूराम जी ने रामलीला समाप्ति की घोषणा करते हुए उपस्थित जन समूह से प्रभु राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कलाकारों ने लवकुश काण्ड का आकर्षक मंचन किया। सुजीत कुशवाह ने बताया श्री बांकेबिहारी रामलीला मण्डल द्वारा कही गाँवो में बिना किसी के लागत के रामलीला कर रहे है जिससे रामलीला युवा पीढ़ी विशेषकर बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा करने का सशक्त माध्यम है। इससे जहा सामाजिक बुराइयों के विरूद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती है वही बड़ों की आज्ञा का पालन करने व छोटो के प्रति स्नेह के साथ-साथ परिवार व समाज में समन्वय स्थापित करने की सीख मिलती है। बड़ी संख्या में गाँव के श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### विमेंस टीम इंडिया टेस्ट

## चार बैटर्स ने फिफ्टी जमाई बेल को 2 विकेट भी मिले



**मुंबई, एजेंसी**

विमेंस टीम इंडिया ने एकमात्र टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ मजबूत शुरुआत की है। टीम ने मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में 4 दिन के मुकाबले के पहले दिन 7 विकेट पर 410 रन बना लिए हैं। स्टंप्स पर दीप्ति शर्मा 60 और पूजा वस्त्राकर 4 रन पर नाबाद लौटीं। इससे पहले, शुभा सतीश (69 रन), जेमिमा रोड्रिगेज (68 रन) और यास्तिका भाटिया (66 रन) ने अर्धशतक जमाए। इंग्लैंड की ओर से लौरेन बेल को 2 विकेट मिले।

भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर का फैसला लिया, लेकिन टीम की ओपनिंग जोड़ी इस फैसले को सही साबित करने में नाकाम रही। स्मृति मंधाना 17 और शेफाली वर्मा 19 रन बनाकर आउट हुई। टीम इंडिया ने 50 के अंदर ओपनर्स के विकेट गंवा दिए थे, तब टीम का स्कोर 47/2 रहा। महिला क्रिकेट में भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई में टेस्ट मैच खेला जा रहा है. भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग काफैसला किया. इस दौरान भारत ने 59 ओवरों तक 4 विकेट के नुकसान के साथ 283 रन बनाए. टीम इंडिया के लिए शुभा सतीश, जेमिमा रोड्रिगेज और यास्टिका भाटिया ने शानदार अर्धशतक जड़े. जेमिमा डेब्यू टेस्ट मैच खेल रही हैं. इसमें उन्होंने 11 चौकों की मदद से 68 रन बनाए। टीम इंडिया की शानदार बैटर जेमिमा का इंटरनेशनल क्रिकेट में अच्छा रिकॉर्ड रहा है. अब उन्हें टेस्ट मैच में भी खेलने का मौका मिला है. जेमिमा डेब्यू टेस्ट में नंबर 4 पर बैटिंग करने उतरीं. उन्होंने 99 गेंदों का सामना करते हुए 68 रन बनाए. इस दौरान 11 चौके लगाए. जेमिमा के साथ शुभा ने भी अच्छी बैटिंग की. उन्होंने 76 गेंदों का सामना करते हुए 69 रन बनाए. शुभा ने 13 चौके लगाए। अगर जेमिमा के अब तक के इंटरनेशनल करियर को देखें तो वह शानदार रहा है।

### इंग्लैंड के खिलाफ 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हो रही घरेलू टेस्ट सीरीज

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं शामी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टखने की चोट से उबर रहे भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का 26 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज में खेलना मुश्किल है। उनका टेस्ट सीरीज तक पूरी तरह से फिट होना मुश्किल लग रहा है। शमी को भारत की टेस्ट टीम में शामिल किया गया था, लेकिन इस 33 वर्षीय तेज गेंदबाज की उपलब्धता चोट से उनके उबरने पर निर्भर करेगी।

शमी के उबरने की प्रक्रिया को अपने घर में जारी रखने की उम्मीद है। यह तेज गेंदबाज इंग्लैंड के खिलाफ 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हो रही घरेलू टेस्ट सीरीज के साथ वापसी कर सकता है। अगर शमी के विकल्प की जरूरत पड़ी तो अजित अगरकर के नेतृत्व वाली चयन समिति के पास भारत 'ए' टीम से गेंदबाज को सीनियर टीम में शामिल करने का विकल्प रहेगा। भारत ए टीम भी दक्षिण अफ्रीका दौरे पर है। भारत की टेस्ट टीम-रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन (विकेटकीपर), केएल राहुल रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा।



**रबाडा की फिटनेस पर नजर**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच से पूर्व टेस्ट टीम के सदस्य 20 दिसंबर से आपस में टीम बनाकर तीन दिवसीय मैच खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा टेस्ट तीन जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा भी टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं। वह पूरी तरह फिट नहीं हैं। अब देखना है कि रबाडा वापसी कर पाते हैं या नहीं। टी20 सीरीज के लिए उन्हें नहीं चुना गया था।

### अंडर-19 मेंस वर्ल्ड कप लिए भारतीय टीम की कप्तानी उदय सहारन को सौंपी

## 19 जनवरी से साउथ अफ्रीका में होगा टूर्नामेंट

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अंडर-19 मेंस वर्ल्ड कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। बीसीसीआई ने 15 प्लेयर्स का स्क्वाड जारी किया है। जूनियर सिलेक्शन कमेटी ने उदय सहारन को कप्तान चुना है। टूर्नामेंट साउथ अफ्रीका के 5 वेन्यू पर 19 जनवरी से 11 फरवरी के बीच खेला जाएगा, जिसमें कुल 41 मैच होंगे। भारतीय दल में 15 चयनित खिलाड़ियों के अलावा, 3 स्टैंडबाय प्लेयर्स को भी शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, 4 एक्स्ट्रा रिजर्व प्लेयर्स भी हैं। रिजर्व खिलाड़ी टीम के साथ साउथ अफ्रीका नहीं जाएंगे।



पंजाब के उदय सहारन को टीम की कप्तानी सौपी गई है। वहीं, मध्यप्रदेश के सौम्य पांडे टीम के उपकप्तान रहेंगे। चयन समिती ने देशभर से टैलेंट चुने है। इसमें से महाराष्ट्र से दो और हैदराबाद से दो खिलाड़ी हैं। दूसरे राज्यों से एक-एक खिलाड़ी शामिल है। सहारन अंडर-19 एशिया कप में भी भारत की कप्तानी कर रहें है, जो कि 8 दिसंबर से श्र में खेला जा रहा है। 17 दिसंबर को टूर्नामेंट का फाइनल होगा।

श्रीलंका और न्यूजीलैंड जैसी टॉप टीमें एक-एक बार रनर-अप ही बन सकी हैं। अर्शिन कुलकर्णी (महाराष्ट्र), आदर्श सिंह (उत्तर प्रदेश), रूद्र मयूर पटेल (गुजरात), सचिन दास (महाराष्ट्र), प्रियांशु मोलिया(बड़ौदा), मुशीर खान (मुंबई), उदय सहारन (कप्तान) (पंजाब), अरवेल्ली अवनीश राव (हैदराबाद), सौम्य कुमार पांडे (वीसी) (मध्य प्रदेश), मुरुगन अभिषेक (हैदराबाद) इन्नेश महाजन (हिमाचल प्रदेश), धनुष गौड़ा (कर्नाटक), आराध्या शुक्ला (पंजाब), राज लिम्बनी (बड़ौदा) और नमन तिवारी शामिल हैं।

### चार ग्रुप में 16 टीमों के बीच होगा मुकाबला

इस साल अंडर-19 वर्ल्ड कप नए फॉर्मेट में होगा। 4 ग्रुप में 16 टीमें हिस्सा लेंगी। ग्रुप की टॉप 3 टीम सुपर-6 के लिए क्वालिफाइ करेंगी। सुपर 6 में 6-6 टीमों के दो ग्रुप बनाए जाएंगे। दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमों के बीच सेमीफाइनल होगा और जीतने वाले दोनों देशों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। भारत 5 बार का चैंपियन अब तक टूर्नामेंट 14 बार खेला गया, भारत मौजूदा चैंपियन है। टीम ट्रॉफी बचाने के लिए उतरेगी। भारतीय टीम ने 2020 में आखिरी अंडर-19 वर्ल्ड कप जीता था। भारत के नाम सबसे ज्यादा मेंस अंडर-19 खिताब हैं (5)। ऑस्ट्रेलिया ने 3 और पाकिस्तान ने 2 बार टूर्नामेंट जीता है। वहीं बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने एक-एक खिताब अपने नाम किया है।

## आईपीएल सीजनः श्रेयस अय्यर के पास लौटी कोलकाता नाइटराइडर्स की कप्तानी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल के आगामी सीजन के लिए सभी टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है। 19 दिसंबर को दुबई में खिलाड़ियों की नीलामी होनी है। उससे पहले दो बार की विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स ने अपने कप्तान के नाम की घोषणा कर दी है। श्रेयस अय्यस आगामी सीजन में टीम की कमान संभालेंगे। वह 2023 सीजन में चोट के कारण नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह नीतीश राणा ने कप्तानी की थी। कोलकाता नाइटराइडर्स के प्रबंधन ने श्रेयस अय्यर को फिर से कप्तानी सौंपनी की घोषणा की। इस सीजन में नीतीश राणा उपकप्तान होंगे। अय्यर चोट के कारण सिर्फ आईपीएल ही नहीं बल्कि कई अंतरराष्ट्रीय सीरीज में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने लंदन में सर्जरी करवाई थी। फ्रेंचाइजी के सीईओ वेंकी मैसूर



ने कहा कि वह खुश हैं कि अय्यर वापस आ गए हैं और कप्तानी संभालनी के लिए पूरी तैयार हैं। जिस तरह से उन्होंने अपनी चोट से उबरने के लिए कड़ी मेहनत की है और जिस तरह का फॉर्म उन्होंने दिखाया है, वह उनके मेहनत का प्रमाण है। श्रेयस ने सितंबर में एशिया कप से टीम में वापसी की थी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में मोहाली में 86 गेंदों में शतक के साथ फॉर्म में वापसी की। हाल ही में समाप्त हुए विश्व कप में उन्होंने चौथे नंबर पर अहम योगदान दिया। अय्यर ने 11 पारियों में 66.25 की औसत से दो शतक और तीन अर्द्धशतक की मदद से 530 रन बनाए। नीतीश राणा की कप्तानी में कोलकाता की टीम पिछले सीजन में सातवें स्थान पर रही थी। श्रेयस ने फिर से कप्तानी मिलने के बाद कहा, मेरा मानना है कि पिछले सीजन में हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें चोट के कारण मेरी अनुपस्थिति भी शामिल थी। नीतीश ने न केवल मेरी जगह भरने के लिए बल्कि अपने सराहनीय नेतृत्व के साथ भी बहुत अच्छा काम किया। मुझे खुशी है कि केकेआर ने उन्हें उप-कप्तान बनाया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इससे नेतृत्व समूह मजबूत होगा।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## 'मुन्ना भैया' बनने के बाद दिव्येंदु को एक जैसे रोल होने लगे थे ऑफर, बोले- यह कुआं मैंने ही खोदा

जब कोई अभिनेता शानदार प्रदर्शन करता है, तो इंडस्ट्री में उसे समान भूमिकाएं मिलने की ज्यादा संभावनाएं रहती हैं। कलाकार भी एक जैसे किरदार निभकर थक जाता है। ऐसे में वे नई भूमिकाओं की तरफ ज्यादा आकर्षित होता है। यही कहना है मिर्जापुर के मुन्ना भइया यानी अभिनेता दिव्येंदु शर्मा का। दिव्येंदु ने मिर्जापुर के अलावा प्यार का पंचनामा में भी अहम किरदार निभाया था, लेकिन अभिनेता को लगता है कि इंडस्ट्री में एक छवि गढ़ दी जाती है तो अभिनेता का उससे बाहर निकलना काफी मुश्किल हो जाता है। साल 2011 में दिव्येंदु लव रंजन की दोस्त कॉमेडी प्यार का पंचनामा में लिक्विड के रूप में सामने आए। सात साल बाद, उन्होंने खुद को अमेजन प्राइम वीडियो सीरीज मिर्जापुर में मुन्ना भैया का एक प्रशंसक पसंदीदा किरदार निभाया था। दर्शक दिव्येंदु को मुन्ना भइया के नाम से ही पहचानते हैं और इसी किरदार में देखते हैं।



अब हाल ही में, एक इंटरव्यू में अपने किरदार को लेकर दिव्येंदु का कहना है, सफलता के बाद एक पैटर्न का पालन करने का लालच हमेशा मौजूद था। मेरी पहली फिल्म प्यार का पंचनामा के बाद भी लोग कहते थे कि कृप्या कॉमेडी करते रहो, लेकिन मैं वह काम नहीं करना चाहता था जो मुझे पसंद नहीं है। दिव्येंदु एक छवि बनाने को एक नया कुआँ खोदने के समान मानते हैं और कहते हैं कि उनके दिमाग में हमेशा यह सवाल रहेगा कि क्या यह एक बुद्धिमान विकल्प है। दिव्येंदु ने आगे कहा, मैं अपने आप से यह बातचीत करता हूं कि यह कुआं मैंने ही खोदा है, इसलिए मैं इससे पानी भी निकाल सकता हूं। फिर यह कहना बेवकूफी है कि मैंने यह कुआं खोदा है, इसलिए अब मैं आगे बढ़ूंगा। बता दें कि साल 2018 में आई मिर्जापुर ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया।

## मनोज बाजपेयी और कोंकणा सेन शर्मा की 'किलर सूप' का एलान

नेटफ्लिक्स इंडिया ने किलर कास्ट के साथ एक नई क्राइम थ्रिलर 'किलर सूप' की घोषणा की है। मनोज बाजपेयी और कोंकणा सेन शर्मा अभिनीत सीरीज एक समाचार शीर्षक से प्रेरित है। किलर सूप क्राइम के साथ कॉमेडी का मजा देगी। इस सीरीज की रिलीज की तारीख की भी घोषणा हो चुकी है। इस सीरीज में मनोज बाजपेयी, कोंकणा सेन शर्मा, नासिर, सयाजी शिंदे और लाल सहित कई शानदार कलाकार हैं। इस दिन रिलीज होगी सीरीज वहीं बात करें सीरीज की रिलीज के बारे में तो अभिषेक चौबे द्वारा निर्देशित व सह-लिखित और हनी त्रेहान और चेतना कौशिक के जरिए निर्मित यह नेटफ्लिक्स सीरीज 11 जनवरी 2024 को रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स इंडिया के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने किलर सूप का पहला पोस्टर जारी किया। कैप्शन में लिखा गया, कहानी इतनी विचित्र है कि इस पर विश्वास करने के लिए आपको इसे देखना होगा।



## फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के 22 साल पूरे

'कभी खुशी कभी गम' को 22 साल पूरे हो गए हैं। इस खास मौके पर काजोल और फिल्ममेकर करण जौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया। काजोल ने फिल्म की कुछ तस्वीरें और एक यादों से भरा नोट लिखा। उन्होंने लिखा- एक पुरानी खूबसूरत याद! कभी खुशी कभी गम की शूटिंग के लिए यश अंकल ने फिल्मिस्तान स्टूडियो में नए मेकअप रूम बनवाए थे क्योंकि फिल्म की विशाल स्टार कास्ट के लिए मेकअप रूम कम पड़ रहे थे। फिल्म के शुरुआती कुछ दिनों की शूटिंग के दौरान फिल्ममेकर करण जौहर गर्मी की वजह से बेहोश होकर गिर गए थे। यह शाहरुख खान के बेटे आर्यन की डेब्यू फिल्म थी! करीना कपूर 'पू' के किरदार से काफी पॉपुलर हुई थीं। 'कभी खुशी कभी गम' बॉलीवुड की आइकॉनिक फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में शाहरुख खान-काजोल की जोड़ी को लोगों ने बहुत पसंद किया था। अमिताभ बच्चन और जया बच्चन एक साथ दिखे थे। वहीं ऋतिक रोशन और पू के किरदार में करीना कपूर की भी जबरदस्त तारीफ हुई थी। यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म थी जिसमें भरपूर इमोशंस थे।



### करण जौहर ने पूरी स्टार कास्ट का शुक्रिया अदा किया

इस खास मौके पर फिल्ममेकर करण जौहर ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म के वीडियोज शेयर कर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कभी खुशी कभी गम की स्टार कास्ट का शुक्रिया अदा किया। लिखा- यह फिल्म आपके परिवार को प्यार करने के बारे में है। यह फिल्म मेरे लिए हमेशा से बहुत खास थी और रहेगी। कभी खुशी कभी गम साल 2001 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। करीना कपूर के एंट्री सीन में ब्रिटिश सॉन्ग इट्स रेनिंग मेन का इस्तेमाल किया गया था। हालांकि, प्रोड्यूसर ने इसकी इजाजत नहीं ली थी। बाद में गाने के ओरिजिनल मेकर्स ने फिल्म पर केस किया, जो ब्रिटेन के एक कोर्ट में चला और धर्मा प्रोडक्शन को हर्जाना भरने का आदेश दिया गया था। हालांकि फिल्म में अचला सचदेव ने अमिताभ बच्चन की मां का किरदार निभाया था, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस किरदार के लिए पहली पसंद वहीदा रहमान थीं।



**मेट्रो बाजार**

## टेस्ला ने ऑटोपायलट फीचर में डिफेक्ट के कारण किया रिकॉल

**मुंबई, एजेंसी**

इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली एलन मस्क की कंपनी टेस्ला इंक ने तकनीकी खराबी आने के कारण अपनी 20 लाख गाड़ियों को वापस बुलाया है। एलन मस्क की कंपनी के इस रिकॉल में 2015 के बाद से अमेरिका में बेचे गए वे मॉडल्स शामिल हैं, जिनमें ऑटोपायलट फीचर एक्टिव है। यूएस ऑटो रेगुलेटर की तरफ से दी गयी जानकारी के मुताबिक, इन इलेक्ट्रिक गाड़ियों को ऑटोपायलट सिस्टम की खराबी को ठीक करने के लिए वापस बुलाया गया है। यह सिस्टम सेल्फ-ड्राइव मोड एक्टिव होने पर ड्राइवर को रोड और ट्राफिक की स्थिति को लेकर अटैंटिव करने का काम करता है। ऑटोपायलट टेक्नीक गाड़ी के आसपास के ट्रांसपोर्टेशन का आंकलन करने के लिए कैमरे और सेंसर का उपयोग करती है। यह व्हीकल को सुरक्षित लेन में रखने के लिए सड़कों पर लेन मार्क्स की भी निगरानी करता है। हालांकि, आलोचक शुरू से ही टेस्ला के ऑटोपायलट सिस्टम में कई कमियां बता रहे हैं। टेस्ला का ऑटोपायलट सिस्टम विवादो में रहा है और इसके कारण कई हादसे हो चुके हैं। यह रिकॉल भी अमेरिका के राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात सुरक्षा प्रशासन की ओर से ऐसी दुर्घटनाओं की जांच शुरू करने के करीब 2 साल बाद जारी किया गया है। जांच के दौरान पाया कि सेल्फ-ड्राइव मोड एक्टिव होने पर ड्राइवर को चौकस रखने के लिए ऑटोपायलट सिस्टम द्वारा यूज किए जाने वाले फंक्शन प्रोपर काम नहीं कर रहे हैं। इससे हादसा होने की संभावना है। कंपनी रिकॉल किए गए इलेक्ट्रिक गाड़ियों में एडिशनल कंट्रोल अलर्ट जोड़ेगी। इसके साथ ही ओवर द एयर सॉफ्टवेयर अपडेट भी करेगी, ताकि गाड़ी चलाते समय ड्राइवर को अधिक चौकस रहने की सुविधा मिल सके।



## रिवोल्ट आरवी लाइटनिंग यलो शेड में लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी**

रिवोल्ट मोटर्स ने अपनी पॉपुलर इलेक्ट्रिक बाइक रिवोल्ट आरवी 400 को लाइटनिंग येलो कलर शेड में भारतीय बाजार में लॉन्च किया है। मोटरसाइकिल में ब्लैक-आउट अंडरबॉडी है, जिसमें निचली फेयरिंग और व्हील शामिल हैं, जो बाइक को एक स्पोर्टी लुक देता है। कंपनी का दावा है कि बाइक एक फुल चार्ज पर 150 किलोमीटर की रेंज देती है। नए कलर ऑप्शन के अलावा कंपनी ने इलेक्ट्रिक बाइक में कोई मैकेनिकल अपडेट या कीमत में बदलाव नहीं किया है। इससे पहले कंपनी रिवोल्ट आरवी 400 पर नए कलर पेश करता रहा है। इससे पहले कंपनी ने स्टील्थ ब्लैक लिमिटेड एडिशन और इंडिया ब्लू क्रिकेट स्पेशल एडिशन शेड्स पेस किया था। वहीं, बाइक स्टैंडर्ड कलर ऑप्शन- कॉस्मिक ब्लैक और मिस्ट ग्रे में भी अवेलेबल है। आरवी 400 की दिल्ली, एक्स-शोरूम कीमत 1.19 लाख रुपए (सब्सिडी के बाद) है। बाइक की बुकिंग शुरू कर दी गई है। बायर्स इसे 499 रुपए की टोकन मनी देकर ऑफिशियल वेबसाइट और डीलरशिप पर जाकर कर सकते हैं। भारत में इस इलेक्ट्रिक बाइक का मुकाबला प्योर ईकोड्रिफ्ट 350, टॉर्क क्रेटोस और ओरक्सा मेंटिस से होगा। किलोवाट की मिड-ड्राइव मोटर दी गई है, जो 4 बीएचपी की पावर और 170 एनएम के पीक टॉर्क जनरेट करती है। राइडिंग मोड ईको, नॉर्मल और स्पोर्ट मिलते हैं। इसकी टॉप स्पीड ईको मोड में 45kmph, नॉर्मल मोड में 65kmph और स्पोर्ट मोड में 85kmph है।

# घर से भटके बालक और बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया



भोपाल, दोपहर मेट्रो

निशातपुरा इलाके में एक डीजे का पीछा करते हुए चार और पांच साल के बालक और बालिका काफी दूर निकल गए। लोगों की नजर पड़ी तो डायल 100 को सूचना दी। पुलिस की टीम ने काफी प्रयास करने के बाद दोनों को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

थाना प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि बारह दुकान करोंद के पास दो बच्चे एक डीजे का पीछा करते हुए पहुंच गए थे। पूछताछ करने पर दोनों अपने नाम के अलावा अन्य जानकारी नहीं दे पा रहे थे। वह बार-बार मंडी बोल रहे थे, इसलिए मंडीदीप और सतलापुर थाने से संपर्क किया गया, लेकिन बच्चों के लापता होने की जानकारी नहीं मिली। इसके बाद दोनों को लेकर आसपास के इलाकों में परिजनों की तलाश की गई। इस दौरान बच्चे ने बताया कि उसके पिता लालबस चलाते हैं। पुलिस ने किसी तरह लालबस के एक ड्रायवर का नंबर लिया और अंततः बच्चे के पिता से बात हो गई। उसके बाद परिजनों के बुलाकर दोनों बच्चों को उन्हें सकुशल सौंप दिया। इसके साथ ही बच्चों का ध्यान रखने और प्रेमपूर्वक व्यवहार करने की हिदायत दी।

# पिता की बाइक के पीछे भागा 6 साल का बालक लापता हुआ, पुलिस ने तलाशा

**भोपाल।** छोला मंदिर इलाके में बुधवार की दोपहर पिता की बाइक के पीछे निकला 6 साल का एक बालक लापता हो गया। पुलिस ने घटना के बारह घंटे के भीतर उसे सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। रात को स्टेशन के पास घूमते उसे आरपीएफ ने देखा तो सुरक्षा के लिहाज से मातृछाया पहुंचा दिया था।

थाना प्रभारी सुरेशचंद्र नागर ने बताया कि इलाके में रहने वाला एक युवक बुधवार दोपहर करीब बारह बजे खाना खाने के बाद काम पर जा रहा था, तभी छह साल का बेटा उसके पीछे चला गया। काफी देर बाद भी बेटा नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। जब उसका कुछ पता नहीं चला तो थाने जाकर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस की एक टीम बालक की तलाश में लगाई गई थी। पुलिस ने जब इलाके में लगे सीसीटीवी कैमर खंगाले तो वह फुटेज में दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस ने सोशल मीडिया पर फोटो और फुटेज प्रसारित की। इस बीच एक व्यक्ति ने जानकारी दी कि उक्त बालक को कृष्णा नगर स्टेशन बजरिया इलाके में देखा गया है, जिसके बाद टीमें वहां भेजी गई। आसपास तलाश करने पर आरपीएफ एएसआई संदेश शर्मा ने बताया कि उक्त बालक रात के समय घूमते हुए मिला था, जिसे सुरक्षा के लिहाज से मातृछाया भेजा गया है। पुलिस टीम ने मातृछाया पहुंचकर बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### जीआरपी अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी के केस दर्ज कर शुरू तलाश

# चलती ट्रेनों में सफर के दौरान चार यात्रियों के कीमती मोबाइल फोन चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों का सामान और मोबाइल फोन चोरी होने का सिलसिला जारी है। बदमाशों ने सफर के दौरान चार यात्रियों के कीमती मोबाइल फोन चोरी कर लिए हैं। जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी के केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**



जीआरपी के मुताबिक बीना जिला सागर निवासी अंकुश समैया ( 42 ) पिछले दिनों गोंडवाना एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार होकर भोपाल से गंजबासौदा जा रहा था। भोपाल से चलने के बाद ट्रेन जब सूखी सेवनिया स्टेशन के पास पहुंची तो अंकुश ने देखा की उसकी पैंट की जेब में रखा रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन गायब है। मोबाइल के कवर में उसका एमएसटी भी रखा हुआ था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 20 हजार पांच सौ रुपए बताई गई है। इसी प्रकार खंडवा निवासी अविनाश कुमार बुधवार को एलटीटी गोरखपुर एक्सप्रेस में सवार होकर भोपाल पहुंचे थे। प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर उतरने के बाद वह प्लेटफार्म क्रमांक 6 की तरफ बाहर निकल रहे थे। इसी बीच नए ओवर ब्रिज पर उन्होंने देखा तो पैंट की जेब में रखा उनका वीवो कंपनी का मोबाइल फोन गायब था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपए बताई गई है।

## ओवर ब्रिज पर सोते समय मोबाइल फोन चोरी

छिंदवाड़ा निवासी लेखराम कवरेती बुधवार रात करीब ग्यारह बजे गांव के मनोहर के साथ इंटरसिटी से जबलपुर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचे था। उन्हें नीलबड़ जाना था, लेकिन रात ज्यादा होने के कारण वह रेलवे स्टेशन के ओवर ब्रिज पर ही सो गए। गुरुवार तड़के करीब ढाई बजे नींद खुली तो लेखराम की पैंट की जेब में रखा रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन गायब था। चोरी हुए मोबाइल की कीमत सात हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार औरंगाबाद महाराष्ट्र निवासी प्रमोद भोसले गत दिवस भोपाल दाहोद पैसेंजर ट्रेन से उज्जैन की यात्रा कर रहे थे। सीहोर रेलवे स्टेशन से ट्रेन के रवाना होने के कुछ ही मिनट बाद उन्होंने देखा तो लोवर की जेब में रखा उनका मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 20 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



फाइल फोटो

## कचरा फेंकने से नाराज चार युवकों ने कॉलेज छात्रों से की मारपीट

**भोपाल।** पिपलानी इलाके में कचरा फेंकने से नाराज चार युवकों ने कालेज छात्रों के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक भरत नगर पिपलानी निवासी विनीत राज ( 20 ) रातीबड़ स्थित निजी कालेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। बुधवार रात करीब साढ़े बारह बजे वह अपने दोस्तों पवन विश्वकर्मा और रोहित कुमार के साथ पास में खाली पड़े स्थान पर कचरा फेंकने पहुंचा था। इस दौरान एक युवक ने वहां कचरा फेंकने से मना किया। इस पर छात्रों ने कहा कि सुबह निगम की गाड़ी आती है, जो कचरा उठाकर ले जाती है। कचरा फेंकने के बाद तीनों जैसे ही वापस जाने लगे, वैसे ही उक्त युवक और उसके तीन अन्य साथियों ने मिलकर छात्रों के साथ जमकर मारपीट कर दी। झगड़े में तीनों छात्रों को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## भोपाल हाट में नेशनल हैंडलूम मेले से निकाली बारात

**भोपाल।** हस्तशिल्प और हाथकरघा को बढ़ावा देने के लिए इन दिनों भोपाल हाट में नेशनल हैंडलूम एक्सो का आयोजन के दौरान यहां भोपाल हाट के जिम्मेदार अधिकारियों की मनमानी का मामला सामने आया है। बताते हैं कि जो स्थान सिर्फ बुनकारों के लिए आवंटित हैं, वहा अब शादी भी होने लगी है। ऐसा ही नजारा गुरुवार दोपहर को नजर आया, जब भोपाल हाट परिसर में बैंड, बाजा के साथ बारात निकाली गई। बारात के आयोजन और डीजे पर बजते कानफोड़ू संगीत से नेशनल हैंडलूम एक्सपो में हिस्सा लेने आए बुनकरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूत्रों ने बताया कि शादी तो बाजू में स्थित कोर्डयार्ड बाय मेरियट में हो रही थी, लेकिन बारात को भोपाल हाट से रवाना किया गया, जिससे यहां आने वाले लोगों और बुनकरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## समय पर घर नहीं पहुंचे बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे तो मोबाइल पर आएगा अलर्ट

**भोपाल।** जन सुरक्षा को मजबूत करने के लिए भोपाल पुलिस कमिश्नर सिस्टम के अंतर्गत लागू की गई सेवा सिटीजन काप एंड्रायड एप्लीकेशन में नया सेफ्टी फीचर 'आलंबन' जोड़ा गया है।

अब यदि परिवारजन समय पर घर नहीं आते हैं तो दूसरे शहर में रहते हुए भी इसका अलर्ट आसानी से प्राप्त किया जा सकेगा। इसके लिए घर-परिवार के बुजुर्ग, महिलाओं एवं बच्चों के मोबाइल पर सिटीजन काप एंड्रायड एप्लिकेशन डाउनलोड कर तीन इमरजेंसी नंबर सेव करने होंगे। तय समय के अंदर यदि बुजुर्ग, महिलाएं या बच्चे लौटकर घर नहीं आते हैं और आप किसी जरूरी काम से अन्य शहर में मौजूद हैं तो भी इसका अलर्ट आपको आपके मोबाइल पर मिल जाएगा।

## 73वीं पुण्यतिथि




आज सरदार बल्लभ भाई पटेल स्मारक भवन में 73वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में सरदार वल्लभ भाई पटेल को माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस में सरदार स्मारक भवन के अध्यक्ष डॉ रमेश माधव ,एम डी पाटिल ,बाबूलाल पटेल ,संदीप पाटीदार प्रकाश नगीना समेत कई सामाजिक बंधु मौजूद थे।

# सगा पिता कर रहा था तेरह साल की बच्ची से दुष्कर्म

भोपाल, दोपहर मेट्रो



खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में सगे पिता द्वारा अपनी ही तेरह साल की बेटी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर बलात्कार, पाक्सो एक्ट, दैहिक शोषण समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 13 साल की नाबालिग अपने माता पिता के साथ गांव में एक खेत पर रहती है। उसके माता पिता खेत में काम करते हैं। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि गत 13-14 की दरमियानी बेटी की चीख सुनकर उसकी नींद खुली तो पति उसके साथ गलत काम कर रहा था। मां ने बेटी से पूछा तो उसने बताया कि पिता पूर्व में भी डरा धमकाकर उससे गलत काम कर चुका है। गुरुवार को मां बेटी को लेकर थाने पहुंची थी। वहां आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**मेट्रो एंकर** शाहजहांनाबाद स्थित, संजय नगर में चार बदमाशों ने चाकू की नोक पर की वारदात

# घर में घुसे बदमाशों ने महिला को पीटा, बच्ची को बाथरूम में बंधक बनाकर ढाई लाख की लूट

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित संजय नगर में घर में घुसे चार बदमाशों ने महिला के साथ मारपीट की और चाकू की नोक पर घर से नकदी समेत ढाई लाख रुपए के जेवरात ले गए। घटना 11 दिसंबर की सुबह की बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटना के बाद से महिला डर गई थी और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा था। वह अभी भी ठीक से कुछ कह नहीं रही है। घर में घुसे बदमाशों ने वारदात के समय उनकी पंद्रह साल की बेटी को बाथरूम में बंधक बना दिया था। पुलिस ने कल देर रात महिला की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार 38 साल की आयशा बी, मकान नंबर 310, संजय नगर शाहजहांनाबाद में रहती हैं। वे गृहणी है। उनके पति मस्जिद में नवाज पढ़ाते हैं। आयशा ने पुलिस को बताया कि 11 दिसंबर को पति ईंटखेड़ी में आयोजित इज्तिमा स्थल पर नवाज अदा करने गए थे। घर में वे और उनकी पंद्रह साल की बच्ची थी। सुबह करीब आठ बजे के आसपास बच्ची बाथरूम में थी। इसी बीच चार बदमाश घर में घुस आए और एक ने बाथरूम का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। जब उसके साथियों ने आयशा के बाल पकड़ लिए और सिर दीवार में पटक दिया। आरोपियों ने चाकू दिखाकर धमकी दी और घर की अलमारी की चाबी लेकर नकदी समेत जेवरात लेकर फरार हो गए। उनकी बेटी बाथरूम में चिल्लाती रही। आरोपियों के जाने के बाद आयशा ने बेटी को बाथरूम से बाहर निकाला। बेटी ने पुलिस को बताया कि मां इस कदर डर गई थी वह कुछ भी नहीं बोल रही थी। उसने पिता और रिश्तदारों को घटना की जानकारी दी। परिजन आयशा को लेकर अस्पताल पहुंचे और वहां इलाज कराया। कल रात पुलिस को घटना की जानकारी दी गई थी। पुलिस की टीम पूछताछ के लिए पहुंची तो भी आयशा का डर खत्म नहीं हुआ था।

## ईंटखेड़ी इज्तिमा में नवाज अदा करने गए थे परिवार के लोग



### आसपास नहीं है सीसीटीवी कैमरे

एएसआई रामविलास ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। आसपास कहीं भी सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। आरोपियों का हुलिया पूछने के बाद क्षेत्र के निगरानी बदमाशों से पूछताछ की जा रही है।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022